मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, मंगलवार, 24 जून 2025
संवत 2082, आषाढ़ कृष्ण 13 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 290 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ ट्रंप की नोबेल पुरस्कार पाने की चाहत, कितनी जायज?
पहले ही वीकेंड पर 60 करोड़ पार हुई सितारे जमीन पर ◂◂ 6

### ट्रक और बाइक में भीषण टक्कर

# बर्थडे मनाकर लौट रहे तीन युवकों की दर्दनाक मौत





**संवाददाता**

**सिमडेगा:** कोलेबिरा-गुमला पथ एनएच 143 पर तपकरा डैम से बर्थडे मनाकर लौट रहे बाइक सवार युवकों की एक ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, तीसरा युवक ट्रक के साइड में जा गिरा था। गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक को रांची रिम्स ले जाया गया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। कोलेबिरा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने इस घटना की पुष्टि की है।

जानकारी के अनुसार कोलेबिरा थाना क्षेत्र के लचरागढ़ पंचायत के कोंबाकेरा निवासी सूरज बागवार, अमृत बघवार और कोलेबिरा पहाड़ टोल निवासी मानु टेटे तीनों एक बाइक में सवार होकर गुमला जिले के तपकरा डैम में बर्थडे मनाने गए थे। बर्थडे मनाकर तीनों दोस्त वापस कोलेबिरा लौट रहे थे कि तभी गुमला-कोलेबिरा नेशनल हाईवे 143 के पास सामने से आ रही ट्रक से सीधी टक्कर हो गई।

इस हादसे में सूरज बागवार और अमृत बागवार ट्रक के नीचे फंस गया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। जबकि तीसरा मानु टेटे गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। रांची जाने के दौरान मानुष टेटे की भी मौत हो गयी।

घटना की सूचना मिलते ही कोलेबिरा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई। शाम हो जाने के कारण शव को मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा जाएगा। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# गोरखपुर पहाड़ के पास पेड़ से लटका मिला युवती का शव, मचा हड़कंप

### परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

**गोड्डा:** जिले में 20 वर्षीय युवती का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ है। वहीं, शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। इधर, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

19 जून की शाम से थी लापताः मिली जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान पार्वती हेंब्रम के रूप में हुई है। मृतका का शव ललमटिया थाना क्षेत्र स्थित गोरखपुर पहाड़ से बरामद किया गया है। मृतका की मां ने बताया कि उसकी बेटी पार्वती हेंब्रम की शादी 2 वर्ष



पहले गोरखपुर के रहने वाले प्रकाश मुर्मू के साथ हुई थी। लेकिन शादी के बाद पति और ससुराल वालों की तरफ से उसकी बेटी को बहुत प्रताड़ित किया जाता था। जिसके बाद वह मायके आ गई लेकिन कुछ समय के बाद उसके ससुराल वाले ले गए। वहीं अब उसकी बेटी 19 जून से गुमशुदा थी। इधर 23 जून को उसका पेड़ के साथ लटका शव मिला। बता दें कि मृतका के परिवार वालों ने बेटी की हत्या आशंका जताई है। वहीं जानकारी मिलने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही घटना को लेकर सारी सच्चाई सामने आएगी। फिलहाल, पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। वहीं, शव मिलने बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

# पिता शिबू सोरेन के स्वास्थ्य का हाल जानने दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को दिल्ली पहुंचे। हेमंत सोरेन अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य का हाल जानने दिल्ली पहुंचे है।

शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हे रांची से दिल्ली लाया गया था। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। हेमंत सोरेन बीमार पिता के स्वास्थ्य की वर्तमानइ स्थिति जानने दिल्ली पहुंचे है। वो दिल्ली एयरपोर्ट से सीधे गंगा राम अस्पताल पहुंचे।

## 1 जुलाई से महंगा होगा ट्रेन का सफर टिकटों के बढ़े दाम

**नई दिल्ली :** रेल यात्रियों को लेकर एक जुलाई से यात्रा करना महंगा होने जा रहा है। रेलवे एक जुलाई 2025 से नया टैरिफ लागू करने जा रही है। हालांकि थोड़ी से राहत की बात ये है कि कुछ कैटेगिरी में कोई बढ़ोतरी नहीं है। रेलवे जो नया टैरिफ लागू करने जा रही है उसके अनुसार, सामान्य द्वितीय श्रेणी में 500 किलोमीटर तक यात्रा करने पर कोई वृद्धि नहीं होगी। लेकिन अगर यात्रा 500 किलोमीटर से ज्यादा की है तो प्रति किलोमीटर आधा पैसा अतिरिक्त देना होगा। इसके अलावा, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर करने वालों को अब प्रति किलोमीटर 1 पैसा ज्यादा चुकाना पड़ेगा। इसी तरह, एसी क्लास के टिकट में सबसे ज्यादा बदलाव किया गया है. इसमें प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है।शहरी ट्रेनों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे लाखों दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी।मासिक सीजन टिकट की दरों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले रेलवे ने टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव का फैसला लिया था। अब तक अगर आप ट्रेन टिकट बुक करते हैं तो आपकी यात्रा से चार घंटे पहले ही पता चल पाता है कि टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं।

### 12 दिन तक चले युद्ध का अंत

# ईरान-इजरायल के बीच युद्ध विराम की घोषणा



**एजेंसी/वाशिंगटनः** आखिरकार ईरान-इजरायल के बीच 12 दिन तक चले युद्ध का अंत हो गया है। दोनों देशों ने सीजफायर शुरू कर दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि इजरायल और ईरान पूर्ण और समग्र युद्ध विराम को लागू करने के लिए एक औपचारिक समझौते पर पहुंच गए हैं, जिसे उन्होंने 12-दिवसीय युद्ध का अंत कहा। श्री ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में दोनों देशों को बधाई दी और खुलासा किया कि प्रत्येक पक्ष के चल रहे सैन्य अभियानों के पूरा होने के बाद युद्ध विराम लगभग छह घंटे में शुरू हो जाएगा। युद्ध विराम शुरू में 12 घंटे तक चलेगा, जिसके दौरान विरोधी पक्ष शांति और सम्मान की मुद्रा बनाए रखेगा।

उधर, ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया इजरायल के साथ संघर्ष विराम लागू हो गया है, वहीं इजरायल ने भी लोगों को बंकर से बाहर निकलने की इजाजत दे दी है। श्री ट्रंप के अनुसार ईरान युद्ध विराम की शुरूआत करेगा, उसके 12 घंटे बाद इजरायल युद्ध विराम की शुरूआत करेगा और 24 घंटे के बाद युद्ध की समाप्ति की आधिकारिक घोषणा करेगा। श्री ट्रंप ने लिखा कि इस धारणा पर कि सब कुछ वैसा ही चलेगा जैसा होना चाहिए और ऐसा ही होगा, मैं दोनों देशों को बधाई देना चाहूंगा, कि उनमें वह सहनशक्ति, साहस और बुद्धिमत्ता है जिससे वे उस युद्ध को समाप्त कर सकें जिसे 12 दिवसीय युद्ध कहा जाना चाहिए। समझौते को एक ऐसी सफलता बताते हुए, जो मध्य पूर्व को वर्षों के विनाश से बचा सकती है, श्री ट्रंप ने अपनी घोषणा को एकता के व्यापक संदेश के साथ समाप्त किया कि ईश्वर इजरायल को आशीर्वाद दें, ईश्वर ईरान को आशीर्वाद दें, ईश्वर मध्य पूर्व को आशीर्वाद दें, ईश्वर अमेरिका को आशीर्वाद दें और ईश्वर पूरी दुनिया को आशीर्वाद दें।

## 'कच्चे तेल के दामों में जबरदस्त गिरावट ईरान-इजरायल सीजफायर के बाद राहत

**नई दिल्ली:** ईरान और इजरायल के बीच युद्धविराम की खबरों के बीच कच्चे तेल के दाम गिर गए हैं, वहीं एशियाई शेयर मार्केट में फिर से रौनक लौटती हुई नजर आ रही है। भारतीय शेयर मार्केट पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा किया है कि ईरान इजरायल के बीच में सीजफायर हो गया है। ट्रंप के इस ऐलान के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव में कमी आने की संभावना को देखते हुए क्रूड ऑयल की कीमतों में 6% की बड़ी गिरावट आई है। जिसके चलते क्रूड ऑयल की कीमतें 70 डॉलर के नीचे पहुंच गई है। जब भी क्रूड ऑयल की कीमत नीचे गिरती है तो इससे ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को फायदा होता है। आज यह फायदा बीपीसीएल एचपीसीएल और आईओसीएल जैसी कंपनियों को मिला है। जिसके चलते इन कंपनियों के शेयरों में बड़ी तेजी रिपोर्ट हुई है। बता दे कि 23 जून की देर रात को ईरान ने मिडिल ईस्ट के कई सारे देशों में बने अमेरिकी सैनिक ठिकानों पर मिसाइल से हमले किए हैं। जिसकी वजह से माना जा रहा था कि मंगलवार सुबह के सत्र में शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिलेगी और क्रूड ऑयल के दाम और बढ़ेंगे लेकिन ट्रंप के सीजफायर की घोषणा ने बाजार का और क्रूड ऑयल मार्केट का मूड बदल दिया है।

दरअसल अमेरिका के हमले के बाद ऐसी संभावना बढ़ गई थी कि ईरान आने वाले दिनों में दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण क्रूड ऑयल सप्लाई के रास्ते स्ट्रेट ऑफ होरमुज को बंद कर देगा या फिर उसे नुकसान पहुंचाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ ईरान ने अमेरिका को दूसरे तरीके से जवाब देते हुए कतर में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर कई सारी मिसाइल अटैक किए हैं। ईरान का यह कदम क्रूड ऑयल मार्केट के लिए एक पॉजिटिव सेंटीमेंट था।

### हजारीबाग में सड़क निर्माण साइट पर हमला

# उपद्रवियों ने चार भारी वाहनों सहित कई मशीनों में लगाई आग

**हजारीबागः** जिला अंतर्गत बड़कागांव थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी के साइट पर हथियारबंद अपराधियों ने सोमवार की देर रात हमला कर उत्पात मचाया है। उन्होंने दो जेसीबी, दो हाइवा ट्रक के अलावा ग्रेडर, पानी टैंकर और जेनरेटर को आग के हवाले कर दिया।

वारदात के बाद इलाके में दहशत है। अपराधियों के जाने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। बताया गया कि बड़कागांव प्रखंड के बादम कस्बे से लेकर रांची-पटना रोड पर स्थित चरही के बीच सड़क निर्माण कार्य का ठेका मां इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी को मिला है। कंपनी ने जोराकाठ गांव में कन्स्ट्रक्शन साइट बना रखा है। यहां रात करीब 11 बजे हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोला और हथियार चमकाए। उन्हें देखकर मौके पर मौजूद सभी कर्मी भाग गए।

इसके बाद उन्होंने साइट पर मौजूद वाहनों और मशीनों में आग लगा दी। माना जा रहा है कि यह



वारदात कंपनी से रंगदारी वसूली के लिए अंजाम दी गई है। वारदात के पीछे किसी आपराधिक गिरोह का हाथ है या फिर किसी उग्रवादी संगठन का, यह साफ नहीं हो पाया है। इसके पहले एक जून को हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में भी नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया था। उन्होंने केडी कोल परियोजना में कार्यरत बीजीआर कंपनी के दो वाहनों में आग लगा दी थी और कई राउंड फायरिंग की थी। गोलीबारी में एक युवक के घायल हो गया था।

इस वारदात में टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) संगठन का नाम सामने आया था। हजारीबाग जिले में ही 19-20 मार्च की रात सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लि.) की न्यू बिरसा परियोजना में भी हथियारबंद अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया था। उन्होंने एक पेलोडेर मशीन को जला दिया था, जबकि दो पेलोडर मशीनों और तीन हाईवा गाड़ियों ने तोड़फोड़ की। अपराधियों ने परियोजना स्थल पर काम में लगे कर्मियों के बीच दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की थी, जिससे सीसीएल का एक कर्मी जख्मी हो गया था।

### राहुल ने फिर उठाया चुनाव में धांधली का मसला

# चुनाव आयोग बोला- कोई मुद्दा है तो हम मिलने को तैयार

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2024 के महाराष्ट्र चुनावों में धांधली के उनके आरोपों पर औपचारिक रूप से पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि सभी चुनाव संसद की ओर से पारित कानूनों और नियमों के अनुसार सख्ती से कराए जाते हैं। चुनाव आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि पूरे चुनाव अभ्यास में हजारों लोगों को शामिल किया जाता है, जिसमें राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंट भी शामिल हैं।

एक प्रमुख दैनिक में उनके लेख के जवाब में 12 जून को राहुल गांधी को ईमेल किए गए एक पत्र में चुनाव आयोग ने कहा कि पूरी चुनाव प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र स्तर पर विकेंद्रीकृत तरीके से आयोजित की जाती है। इसमें आयोग की ओर से नियुक्त 1,00,186 से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), 288 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), 139 सामान्य पर्यवेक्षक, 41 पुलिस पर्यवेक्षक, 71 व्यय पर्यवेक्षक और 288 रिटर्निंग अधिकारी (आरओएस) शामिल होते हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में कांग्रेस के 28,421 सहित राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों की ओर से 1,08,026 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए गए हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता से कहा गया, 'हमारा मानना है कि चुनाव संचालन से संबंधित कोई भी मुद्दा कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से सक्षम न्यायालय (उच्च न्यायालय) में दायर चुनाव याचिकाओं के माध्यम से पहले ही उठाया जा चुका होगा।'

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बोले पीएम मोदी

# 'भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं'

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि कैसे भारत ने 22 मिनट में दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया ने हाल ही में ये भी देखा है कि भारत का सामर्थ्य क्या है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति को दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। आज का भारत देशहित में जो भी सही है उसके हिसाब से कदम उठाता है।



'इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी': इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न सिर्फ हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतंत्रता के उद्देश्य को नए मायने दिए। 100 साल पहले श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात आज भी उतनी की प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है।'

'विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए ऊर्जा के स्रोत की तरह': प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '100 साल पहले वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए आज भी ऊर्जा के स्रोत की तरह है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं श्री नारायण गुरु को नमन करता हूं और महात्मा गांधी जी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'

'सभी जानते हैं कि समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग से मेरा क्या नाता': प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी है। जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं श्री नारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। आप सभी जानते हैं कि समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग से मेरा क्या नाता है और इसलिए आज भी जब मैं समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग के लिए निर्णय लेता हूं तो मैं गुरु देव को जरूर याद करता हूं।'

'श्री नारायण गुरु महान संत थे': पीएम मोदी ने कहा, 'भारत की विशेषता है कि हमारा देश जब भी मुश्किलों के भंवर में फंसता है, तो कोई न कोई महान विभूति देश के किसी कोने में जन्म लेकर समाज को नई दिशा दिखाता है। कोई समाज के आध्यात्मिक उत्थान के लिए काम करता है, तो कोई सामाजिक क्षेत्र में समाज सुधारों को गति देता है। श्री नारायण गुरु ऐसे ही महान संत थे।' 'वन अर्थ, वन हेल्थ यानी एक धरती एक स्वास्थ्य': प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'अभी हाल ही में हमने विश्व योग दिवस मनाया। इस बार योग दिवस की थीम थी- वन अर्थ, वन हेल्थ यानी एक धरती एक स्वास्थ्य। इससे पहले भी भारत ने विश्व कल्याण के लिए वन वर्ल्ड, वन हेल्थ जैसे पहल की है। आज भारत सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड जैसे ग्लोबल मूवमेंट को लीड कर रहा है। 2023 में जब भारत ने जी20 समिट को लीड किया था, तब थीम रखा था- वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। हमारे इन प्रयासों में वसुधैव कुटुंबकम की धारणा जुड़ी हुई है।

# सुरक्षा कारणों से जिला प्रशासन ने देर रात चतरा जेल में की छापेमारी







**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** सोमवार की देर रात करीब 12:30 में उपायुक्त कृतिश्री के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर चतरा जेल में औचक छापामारी की गई। छापामारी में एसपी सुमित कुमार अग्रवाल समेत कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। छापामारी में जेल के अंदर किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं की गई। पत्रकारों से बात करते हुए उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाया गया था। उन्होंने बताया कि कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं की गई है। परंतु जेल के बंदियों ने सुविधाओं की कमी बताया है। बताया कि जो भी कमी है उसको जल्द ही दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं व नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भव्य खेल प्रतियोगिताओं और जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।ओलंपिक दिवस का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना,शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है।इस अवसर पर जिले के प्रतिभागियों के बीच साइकिल रेस, मैराथन दौड़, एथलेटिक्स एवं फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। सभी खेलों में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे ओलंपिक मूल्यों झ उत्कृष्टता, सम्मान और सहभागिता झ का प्रभावी प्रदर्शन हुआ।खेल आयोजनों के साथ-साथ एक नशा विरोधी जागरूकता अभियान भी चलाया गया। अभियान के तहत स्टेडियम परिसर में बैनर और पोस्टर लगाए गए। इन माध्यमों से युवाओं एवं दर्शकों को यह संदेश दिया गया कि नशे से दूरी और खेलों से जुड़ाव ही एक स्वस्थ,



सुरक्षित और समृद्ध समाज की नींव है। सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया गया कि वे इस संदेश को अपने परिवार, मित्रों और सामाजिक माध्यमों पर साझा कर समाज में नशा मुक्त वातावरण निर्माण में भागीदारी निभाएं।इस आयोजन में आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों के साथ-साथ डे बोर्डिंग केंद्र के बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने में आवासीय फुटबॉल कोच प्रेरणा मिश्रा एवं डे बोर्डिंग फुटबॉल कोच वासुदेव उरांव की अहम भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अनुशासन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा की भावना को आत्मसात किया।कार्यक्रम की संपूर्ण देखरेख और सफल क्रियान्वयन में जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय की नेतृत्वकारी भूमिका रही। इसके अतिरिक्त लालू, कमरान, अंकित कुमार एवं अन्य कार्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

## जिला प्रशासन पर हावी जिप सदस्य सरिता देवी के पति भरत साव

### इटखोरी बीडीओ के साथ अभद्र व्यवहार के हैं आरोपी, प्राथमिकी भी हुई है दर्ज

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने उपायुक्त व एसपी को कार्रवाई के लिए दिया पत्र

**चंद्रेश शर्मा/मेट्रो रेज**

**चतरा :** चतरा में पुलिस प्रशासन एक ओर जहां अपराधियों और तस्करों का मनोबल तोड़ने में लगी हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दलों से जुड़ों लोगों की तानाशाह और अराजक गतिविधियां आसमान छू रही हैं। खासकर जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि। इटखोरी प्रखंड से भी ऐसा ही बड़ा मामला सामने आया है। इटखोरी प्रखंड की जिप सदस्या सरिता देवी के पति भरत साव पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बंकिरा के साथ गाली गलौज और अभद्र व्यवहार का आरोप लगा है। इस संबंध में इटखोरी थाना में 19 जून को कांड संख्या 87/25 तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। इस संबंध में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऋषिबाला सिंह ने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में जिला परिषद सदस्या सरिता देवी और उनके पति भरत साव के खिलाफ गंभीर



आरोप लगाए हैं। श्रीमती सिंह ने अपने आरोपों में बताया है कि जिप सदस्य पति भरत साव पर पूर्व से जालसाजी,फजीर्वाड़ा,जमीन का अवैध कब्जा तथा कोयला चोरी के मामले दर्ज हैं। कहा कि आपराधिक मामलों में दो बार जेल भी जा चुके है। उन्होंने श्री साव पर जनप्रतिनिधि होने का धौंस दिखाकर प्रखंड के कार्यालय कर्मियों को डराने धमकाने का भी आरोप लगाया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने अपने आरोप में कहा है कि जिप सदस्या पति का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि अवैध तरीके से इन्होंने जल संसाधन विभाग के बगल में अवस्थित सरकारी आईबी परिसर अवैध निर्माण का आरोप लगाया गया है। जिला उपाध्यक्ष ने प्रशाशन से भरत साव की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

**जिप सदस्या सरिता देवी पर भी लगाए गए हैं गंभीर आरोप :** भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने जिला मत्स्य विभाग पर भी आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि विभाग ने सारे नियमों की अनदेखी करते हुए प्रधानमंत्री संपदा मत्स्य योजना के तहत जिंदा मछली बिक्री केंद्र का आवंटन जिप सदस्य सरिता देवी कर दिया।बिक्री केंद्र का उद्घाटन 7 फरवरी 2025 को किया गया है परन्तु उसके बाद उस केन्द्र को कभी भी खोला ही नहीं गया। जिला उपाध्यक्ष ने अपने आरोप में कहा है कि इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य बेरोजगारों को रोजगार सृजन के लिये किया गया है, परन्तु इसे जनप्रतिनिधि को आवंटित कर दिया गया। उन्होंने पति पत्नी की तानाशाही से प्रखंड को मुक्त करवाने का आग्रह करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## कोल वाहन ने वृद्ध को मारी टक्कर हुई मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा):** चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क पर दानव बाबा के समीप हाइवा वाहन के चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह 7 बजे सड़क जाम कर दिया।सड़क जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कुमार गौतम घटना स्थल पर पहुंचे।उन्होंने परिजनों तथा



आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया।थाना प्रभारी कुमार गौतम के अथक प्रयास से 5 घंटे बाद सड़क जाम हटाया गया।बताया गया कि मृतक वृद्ध के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए कुछ सहयोग राशि भी दी गई है। थाना प्रभारी कुमार गौतम ने बताया कि हाइवा वाहन तथा चालक को थाना लाया गया है।वाहन मालिक तथा चालक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।मालूम हो कि बीते रविवार को मृतक वृद्ध अर्जुन दांगी थाना क्षेत्र के सिंदुआरी गांव स्थित अपने ससुराल से अपनी सास का अंतिम संस्कार कर वापस पैदल घर आ रहा था।इसी बीच बघमरी गांव समीप हाइवा कोलवाहन ने उन्हें अपनी चपेट में लिया।जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए थे।इलाज के लिए रांची ले जाया जा रहा था।इसी क्रम में रास्ते में वृद्ध की मौत हो गई।मौत की खबर सुनकर गांव में मातम पसर गया है।जबकि परिजनों का रो रो कर बुरा है।

## गिद्धौर के प्रेम राणा ने टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अंपायरिंग की परीक्षा में पाई सफलता

**गिद्धौर(चतरा):** प्रखंड मुख्यालय के प्रेम राणा ने टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया का अंपायरिंग की परीक्षा में सफलता अर्जित किया है।जिसे लेकर प्रेम राणा को प्रशस्ति पत्र दिया गया।टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अंपायरिंग के परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर गिद्धौर के साथ-साथ पूरे जिले में हर्ष व्याप्त है। इस दौरान प्रेम राणा ने बताया कि टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा लेवल वन अंपायरिंग की परीक्षा महाराष्ट्र के मीनाताई ठाकरे स्टेडियम नासिक में झारखंड, मुंबई, मध्य प्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों से परीक्षा में भाग लिया।जिसमें चतरा जिले के गिद्धौर के प्रेरणा ने सफलता अर्जित की है।प्रेम राणा ने बताया कि इस सफलता का श्रेय जिला परिषद उपाध्यक्ष सह एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, पत्रकार बंधु समेत अन्य का है। हर्ष व्यक्त करने में भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा,निरंजन दांगी,बिनोद पासवान, विजय भारती,डॉक्टर दयानंद कुमार,मुकेश कुमार दांगी समेत अन्य शामिल है।

## जिला ओलम्पिक संघ के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस पर कई खेलों का आयोजन





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर चतरा जिला ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त जिले के विभिन्न खेल संघों और विद्यालयों के सहयोग से जिले के अलग-अलग प्रखण्डों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और उनके प्रदर्शन को बेहतर करना था। सिमरिया प्रखण्ड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय लेपो में बालक एवं बालिका वर्ग का हॉकी प्रतियोगिता, गिद्धौर प्रखण्ड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय पिंडारकोण मैदान में बालक एवं बालिका वर्ग का एथलेटिक्स, फुटबॉल और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं हंटरगंज प्रखण्ड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में बालक एवं बालिका वर्ग का एथलेटिक्स के विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन। चतरा सदर प्रखंड में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में बालक एवं बालिका वर्ग का वॉलीबॉल और कुश्ती तथा मरमदिरी कबड्डी ग्राउंड में बालक एवं बालिका वर्ग का कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिले भर के खिलाड़ियों ने आयोजित प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।चतरा जिला ओलम्पिक संघ के सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि यह आयोजन भारतीय ओलम्पिक संघ तथा झारखण्ड ओलम्पिक संघ के निर्देशानुसार खेल के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य के लिए किया गया। आयोजन में संघ के कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी और कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, वॉलीबॉल कोच मो. साहबान, शारीरिक शिक्षक राजीव कुमार पांडेय, अबोध राम, दीपक कुमार एथलेटिक्स संघ के मुकेश कुमार सिंह, बिपुल कुमार दीपक कुमार,कबड्डी कोच निर्भय कुमार, हॉकी संघ कुश्ती संघ वॉलीबॉल संघ कबड्डी संघ, एवं अन्य संघ के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने अहम सहयोग प्रदान किया।

# भारी बारिश से रांची जलमग्न अस्पताल में घुसा बारिश का पानी

## यलो अलर्ट जारी, वज्रपात की चेतावनी





संवाददाता

**रांचीः** बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण झारखंड में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। राजधानी रांची सहित कई जिलों में सोमवार को तीन घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के कारण शहर के बीच स्थित नागरमल सेवा सदन अस्पताल में पानी घुस गया। अस्पताल परिसर में जलजमाव के चलते मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, शहर के कई मोहल्लों और घरों में भी नाले का गंदा पानी घुस गया, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं।

यलो अलर्ट जारी, वज्रपात की चेतावनीः मौसम विभाग ने झारखंड के कई जिलों में भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। देवघर, धनबाद, पाकुड़, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा और साहिबगंज में वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। लोगों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

अब तक सामान्य से 257% अधिक बारिशः मौसम विभाग के अनुसार, रांची का अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। अब तक रांची में 412।2 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से 257 प्रतिशत अधिक है। 24 और 25 जून को झारखंड के दक्षिण-पश्चिमी हिस्सों में भी भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इन दिनों भी वज्रपात के साथ यलो अलर्ट प्रभावी रहेगा। 26 जून को भी गरज-तड़क के साथ बारिश होने की संभावना है।

नालों की सफाई अधूरी, प्रशासन के दावों पर उठे सवालः लगातार बारिश के कारण शहर की सड़कों पर पानी बह रहा है। अधिकांश नाले जाम हो चुके हैं, जिससे जलनिकासी ठप हो गई है। हालांकि, रांची नगर निगम की सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की ने दावा किया कि सफाईकर्मी बारिश के दौरान भी तैनात हैं और अधिकांश नालों की सफाई कर दी गई है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कई स्थानों पर आउटलेट की तकनीकी दिक्कतें बनी हुई हैं, जिन पर कार्य जारी है।

जनता का फूटा गुस्साः स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम की टीमें हर बार की तरह इस बार भी घटना के बाद ही सक्रिय होती हैं। उन्हें पहले से तैयारी रखनी चाहिए थी। हर वर्ष की तरह इस बार भी रांची जलप्रलय जैसी स्थिति का सामना कर रहा है, और आम जनता के धैर्य का बांध अब टूटता जा रहा है।

## असंगठित मजदूरों के अधिकारों को लेकर मशाल जुलूस 28 को



संवाददाता

**खलारीः** एनके एरिया आरसीएमएस सचिव।अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्त्व में असंगठित मजदूरों की समस्या को लेकर डकार भूतनगर में एक बैठक हुई इस बैठक में बेरोजगारी एवं स्थानीय मुद्दों और मधुकान कंपनी के मजदूर विरोधी नीतियों पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इस दौरान अब्दुल्लाअंसारी ने कहा कि बेरोजगारी की समस्या और मजदूर हित में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया की मधुकॉन कंपनी स्थानीय लोगों को
रोजगार नहीं दे रही है और असंगठित मजदूरों का शोषण कर रही है।उन्होंने एनके क्षेत्र के मजदूरों के सीएमपीएफ भुगतान की मांग भी मुद्दा उठाई बैठक में पूर्व घोषित आंदोलन की रूपरेखा की पुनः जानकारी देते हुए बताया गया कि आगामी 28 जून को एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष मशाल जुलूस निकाला जायेगा इसके बाद आंदोलन को 15 जुलाई को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस रांची मे घेराव किया जाएगा। बैठक मे सलामत अंसारी, अशोक सिंह, अमजद खान प्रवीण सिंह, विजय सिंह, अनिल साव राजेश साहू संतोष,मंतोष भट्टाचार्य धर्मन्द्र चौहान, राजकुमार मुंडा जसीम अंसारी, मनोज यादव रियाज अंसारी, सुरेन्द्र गझू अफजल अंसारी अशोक भुइया दिलशाद अंसारी अजय चौहान, अनिल चौहान , सनी चौहान, राकेश चौहान सुनील चौहान लक्ष्मण उराव आदि कई असंगठित मजदूर व नेता,उपस्थित थे।

## कैंसर मरीज को इलाज के लिए मुंबई भेजा जाएगाः गुलाम मुस्तफा



**रांचीः** भारतीय एकता कमेटी एनजीओ रांची के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा कैंसर मरीज मोहम्मद अशफाक का हाल-चाल जानने के लिए मौलाना आजाद कॉलोनी कांटाटोली घर पर गए । मोहम्मद अशफाक के कैंसर का इलाज 4 साल पहले डॉक्टर रोहित कुमार से करवाया गया था लेकिन इधर फिर बीमारी बढ़ गई और अभी उन्हें कीमो चढ़ाया जा रहा है। अभी काफी जांच भी बचा है। उन्हें खाना भी लिक्विड ही दिया जा रहा है। इस अवसर पर गुलाम मुस्तफा ने सभी से कैंसर मरीज को मदद करने की अपील की और उनके स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना भी करने की अपील की। गुलाम मुस्तफा ने कहा कि मानवता इंसानियत से बड़ा कुछ भी नहीं होता है हम लोग कोशिश में लगे हुए हैं कि किसी तरह पैसे का इंतजाम हो जाए तो इसको इलाज के लिए मुंबई भेजा जाएगा। सभी से अपील किया जाता है कि कैंसर मरीज को आर्थिक सहयोग ज्यादा से ज्यादा कीजिए ताकि इलाज के लिए मुंबई भेजा जा सके। कम से कम 5 से 6 लाख रुपया खर्च हो जाएगा।

## अंडर -17 बालिका वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता में कस्तूरबा विद्यालय बना चैंपियन



**राहेः** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन डोमनडीह स्कूल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधिवत रूप में बीडीओ अशोक कुमार ने किया। प्रतियोगिता में अंडर 17 वर्ष वर्ग में बालक वर्ग से हाई स्कूल राहे तथा बालिका वर्ग से झारखंड बालिका विद्यालय राहे की टीम विजयी रहा। अंडर 15 वर्ष वर्ग बालक वर्ग से उत्क्रमित हाई स्कूल नावाडीह की टीम विजयी रहा।

प्रखंड स्तरीय लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग से कन्या मिडिल स्कूल की टीम ओर बालिका वर्ग से मिडिल स्कूल राहे की टीम विजयी रहा। विजेता टीम को बीपीओ प्रवीण कुमार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शारीरिक शिक्षक मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस प्रारम्भ,आयोजित होंगे कई कार्यक्रम



संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के निर्देश पर आज राज्य के कई जिलों में अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस बड़े ही जोश से मनाया गया।

राज्य के विभिन्न जिलों में ओलम्पिक एसोसिएशन के द्वारा दौड़, क्रॉस कंट्री, साइकिलिंग, योग, फुटबॉल, कबड्डी, वुशु, शूटिंग आदि का आयोजन किया गया।आज यहाँ रांची स्थित मोराबादी मैदान गाँधी प्रतिमा के पास खेल कूद एवं युवाओं कार्य विभाग के द्वारा क्रॉस कंट्री और साइकिलिंग तथा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अन्य खेल के खिलाड़ियों के द्वारा बड़े ही धूम धाम से मनाया गया।

आज मोरहाबादी मैदान में क्रॉस कंट्री दौड़ के साथ साथ साइकलिंग, कबड्डी का आयोजन किया गया।

आज प्रातः रांची में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के क्रॉस कंट्री दौड़ की शुरूआत विधायक रांची सीपी सिंह और खेल निदेशक श्री शेखर जमुआर( आईएएस) द्वारा झंडा दिखा कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व निदेशक खेल आईपीएस सरोजिनी लकड़ा, अवर सचिव राजेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार, चंचल भट्टाचार्य, एस के पांडे, उदय साहू, प्रभाकर वर्मा, संजय झा, अजय झा, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी सहित खेल विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे, इस अवसर पर ओलिंपियन मनोहर तोपनो को उनके खेलो के प्रति समर्पण और योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

## ओलपिंयन सिल्वा नुस डुंगडुंग से मिलने पहुंचे खेल निदेशक



**रांची :**आज अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर खेल निदेशक शेखर जमुआर (आईएएस )ओलपियन सिलवानुस डुंगडुंग से मिलने उनके घर पहुंचे। उनके साथ साथ पूर्व खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, ओलपियन मनोहर तोपनो, चंचल भट्टाचार्य, शिवेंद्र दुबे, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, प्रभात रंजन तिवारी व अन्य उपस्थित थे। निदेशक श्री जमुआर ने श्री डुंगडुंग को बुके, मोमेंटो और शॉल तथा सरोजिनी लकड़ा ने बुके देकर सम्मानित किया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

## वन नेशन वन पेंशन हो लागू दिव्यांगजनों को मिले 6 हजार महीना



**रांचीः** वन नेशन वन नियम लागू होना चाहिए। दिव्यांगजनों को 6000 रु० महीना मिलना चाहिए, यदि किसी राज्य में 6000 रु० तक दिया जा रहा है तो अन्य राज्य में क्यों नहीं। इस पर नीति निर्माताओं को खासकर नीति आयोग का ध्यान आकृष्ट दिव्यांग कार्यकर्ताओं को कराना चाहिए ।

साथ ही साथ दिव्यांग पुनर्वास विशेषज्ञ होने के नाते मेरी व्यक्तिगत सलाह है कि सभी राज्यों के राज्य सलाहाकार बोर्ड को अपने एजेंडा में इसे शामिल कर तीन माह के अंदर विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित करवाना चाहिए और विधानसभा के संबंधित समिति एवं मुख्यमंत्री महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर कैबिनेट से स्वीकृत करवाने का प्रयास करना चाहिए ।

**दिव्यांगों को पेंशन देने में हम पीछे :** आंध्र प्रदेश 6000,हरियाणा 3000 ,दिल्ली 2500,केरल 1600,बिहार 1100,झारखण्ड 1000,मध्यप्रदेश600

**क्या कहता है कानूनः** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 24 (1) के मुताबिक, प्रदेश में किसी भी योजना में दी जाने वाली सर्वाधिक राशि से कम से कम 25% अधिक राशि दिव्यांगों को देना होती है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।

**Corrigendum**

T. Reference No. :- 07/2025-26 PR. No. 355621 Date 20.06.2025

| Si.No. | Name of Work (Previous) | Name of Work (Current) |
|---|---|---|
| 1. | Supplying laying of 15000 dia, 100mm dia D.I. pipe from Latma Hill to New Vidhayak Awas sump with all special fitting air valves, sluice valve, valve chamber etc. for water supply to newly constructed Vidhayak Awas situate at Kute under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi, | Supplying laying of 150 dia, 100mm dia D.I. pipe from Latma Hill to New Vidhayak Awas sump with all special fitting air valves, sluice valve, valve chamber etc. for water supply to newly constructed Vidhayak Awas situate at Kute under D.W. & S. Division, Ranchi East , Ranchi, |

नोटः–1. निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।

PR 355804 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)

ऊर्जा विभाग,झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2,धुर्वा, रॉंची

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/24/2025-26 दिनांक–23 / 06 / 2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | श्री बंशीधर नगर, गढ़वा स्थित सिविल एस0डी0ओ0 कार्यालय के भूतल में विद्युत अधिष्ठापन का विशेष मरम्मति का कार्य। | 17,58,091=00 | 5,000=00 | 36,000=00 | 35 दिन |
| II | जेल चौक, राँची स्थित पुराने एवं नये जे0पी0एस0सी0 भवन मे विद्युत अधिष्ठापन का वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 13,53,921=00 | 2,500=00 | 28,000=00 | 35 दिन |
| III | कॉके रोड, रॉंची स्थित मुख्य न्यायाधीश आवास में विद्युत अधिष्ठान के विशेष मरम्मति एवं केबल, स्ट्रीट लाईट, एल0ई0डी0 फ्लड लाईट, पोस्ट टॉप लाईट के बदलीकरण एवं अतिरिक्त कार्य। | 24,48,344=00 | 5,000=00 | 49,000=00 | 35 दिन |
| IV | जज कॉलोनी रॉंची में सुरक्षा लाईट एवं फ्लड लाईट के बदलीकरण व विशेष मरम्मति का कार्य। | 12,76,921=00 | 2,500=00 | 26,000=00 | 35 दिन |
| V | जज कॉलोनी पलामू स्थित C टाईप एवं D टाईप के 08 अदद क्वार्टर में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 15,05,446=00 | 5,000=00 | 31,000=00 | 35 दिन |
| VI | श्री बंशीधर नगर, गढ़वा स्थित सिविल एस0डी0ओ0 कार्यालय के प्रथम तल्ला में विद्युत अधिष्ठापन का विशेष मरम्मति का कार्य। | 12,70,582=00 | 2,500=00 | 26,000=00 | 35 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02.07.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 03.07.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 08.07.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 09.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉंची

PR 355798 Energy(25-26).D

## धूमधाम से मना लायंस क्लब रांची हरिकनक ग्रेटर का तीसरा स्थापना दिवस व शपथ ग्रहण समारोह



संवाददाता

**रांचीः** आज लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर ने अपना तीसरा स्थापना दिवस एंव शपथग्रहण समारोह कांके रोड रिलायंस फ्रेश के निकट धूमधाम से मनाया। साथ ही हरिकनक ग्रेटर ने क्लब का विस्तार करते हुए एक नए क्लब लायंस क्लब ऑफ राँची दृष्टि की भी स्थापना कर एक नए टीम को भी शपथ दिलवाई ।

इस मौके पर मुख्यअतिथि के रूप मे लायंस जिला 322 ए।के जिलापाल लायन सीमा बाजपेई जी की उपस्थित रहीं वहीं आगामी सत्र के कार्यकारिणी सदस्यों को पद एंव दायित्वों की शपथ पुर्व जिलापाल लायन सिद्धार्थ मजुमदार के द्वारा दिलवाई गई ।

लायंस क्लब ऑफ राँची हरिकनक ग्रेटर के आगामी सत्र के लिए लायन अमित कुमार मिश्रा को अध्यक्ष,लायन डॉक्टर दीपक कुमार को सचिव,लायन अंकित सर्राफ को कोषाध्यक्ष, लायन डॉक्टर राजेन्द्र हाजरा को निदेशक,लायन शिव किशोर शर्मा को पीआरओ,लायन प्रेमशंकर मिश्रा को प्रशासक तथा अन्य सदस्यों को भी विभिन्न पदों के लिए शपथ दिलाई गई साथ ही साथ नए क्लब लायंस क्लब ऑफ राँची दृष्टि की लिए लायन अपर्णा झा को अध्यक्ष,लायन आशीष खेमका को सचिव,लायन उपेन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष,लायन विकाश कुमार को प्रशासक पद के साथ क्लब के अन्य सदस्यों को शपथ दिलवाई गई ।

मौके पर मुख्य अतिथि सीमा बाजपेई ने कहा लायंस क्लब विश्व की सबसे बड़ी संस्था है जो की समाज के सबसे निचले पायदान पर रहने वाले व्यक्ति तक पहुँचकर उन्हें अपनी सेवाएं प्रदान करती है। लायंस क्लब को सेवा के लिए ही जाना जाता है। लायंस क्लब मे लोग निःस्वार्थ सेवा भाव से जुड़कर अपनी सेवाएं प्रदान करते है। इसके पूर्व उन्होंने नए सत्र के लायन सदस्यों को अपनी शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के वर्तमान अध्यक्ष लायन राजेश केडिया एवं धन्यवाद ज्ञापन विजय कुमार पाठक ने किया। साथ ही सभी अतिथियों का स्वागत एवं नए टीम को अपनी शुभकामनाएं भी दी।

लायन अमित कुमार मिश्रा एवं लायन अपर्णा झा ने भी अपने अध्यक्षीय संबोधन में आगामी सत्र के कार्यक्रम पर अपनी विचार रखे। आज के

कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रथम जिलापाल लायन संजय कुमार,द्वितीय जिलापाल लायन शुभ्रा मजुमदार,डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी लायन शुभम बाजपेयी,जोन चेयरपर्सन लायन आरती कुमारी,एलसीआईएफ समन्वयक लायन सुजीत कुमार,लायन अभिषेक कुमार,लायन विजेंद्र कुमार, लायन अरुण कुमार सहित क्लब के अनेक लायन सदस्यगण मौजूद रहे।

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े: अटल बिहारी वाजपेय**

## विश्व शांति की जरूरत

**जब** इजराइल ने ईरान पर हमला शुरू किया तो अमेरिका ने न सिर्फ दूरी बनाए रखी बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप ने दो हफ्तों बाद निर्णय लेने का एलान किया। मगर अचानक ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर रातो- रात बमबारी करते हुए युद्ध में सीधा कूद पड़ा। हालांकि उन्होंने पहले भी संकेत दिए थे। जब सोशल मीड़िया प्लेटफॉर्म ट्रुथ में लिखा था। सबको तेहरान को खाली कर देना चाहिए। ट्रंप ने खुद हमलों की जानकारी देते हुए कहा, परमाणु केंद्र पूरी तरह नष्ट कर दिए गए हैं। साथ ही ईरान को धमकी दी कि यदि उसने जवाबी कार्रवाई की तो उसके खिलाफ अधिक हमले किये जा सकते हैं। अमेरिका का यह ऑपरेशन मिड नाइट हैमर रहा। जिसमें फोड़र व नतांज पर हमला किया गया। नौसेना की पनडुब्बी द्वारा क्रूज मिसाइल का प्रयोग करते हुए इस्फहान पर निशाना बनाया गया। ट्रंप के जी7 की बैठक बीच में छोड़.कर लौटने को भी लोगों ने आशंका भरी नजरों से देखा था। हालांकि पेंटागन समेत अमेरिकी सेंट्रल कमांड़, राष्ट्रपति के सहयोगी व सलाहकार,प्रशासन के अधिकारी व सैन्य योजानाकार चिंता व्यक्त कर रहे हैं। उनमें से कई को यह ईरान को उकसाने वाली कार्रवाई प्रतीत हो रही है, जबकि दो सप्ताह वाले बयान को पक्षकार कूटनीतिक योजना का हिस्सा ठहरा रहे हैं और इसे जटिल व ऐतिहासिक सैन्य अभियान बता कर अपनी पीठ खुद ठोक रहे हैं, जबकि विरोधी इसे इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की उत्कृष्ट रणनीति का हिस्सा ठहरा रहे हैं। उधर संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था अमेरिका हमलों को लेकर बैठक करने की तैयारी में है,जबकि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की विरोधाभाषी बयानों के चलते ईरान आलोचना कर रहा है। सुगबुगाहट तो यह भी है कि ट्रंप की शेखी के बावजूद वास्तविक स्थिति अस्पष्ट ही है। कोई नहीं जानता कि ईरान के बम ग्रेड़ यूरेनियम को आखिर कितना नुकसान पहुंचा है। धार्मिक कट्टरतावाद या खामेनेई युग का अंत इतना आसान भी नहीं है। क्योंकि मुल्क में तख्तापलट तब तक संभव नहीं है। जब तक ईरानवासी या धार्मिक नेता के विराधी एकजुट न हो जाएं। दबी जबान से इसे तीसरे विश्व युद्ध का आगाज भी बताया जा रहा है। जिसका खामियाजा सारी दुनिया को भुगतने के लिए तैयार होना होगा। विश्व शांति की बातें बनाने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को अमेरिका के आगे घुटने टेकने की बाजाए हरकत में आना होगा और कूटनीतिक तरीके से इस संघर्ष पर विराम लगाने के सख्त कदम उठाने होंगे।

## ट्रंप का नोबेल दर्द

**अमेरिका** के राष्ट्रपति ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इतना क्यों छटपटा रहे हैं? क्या उनके आग्रह पर ही पाकिस्तान ने उनके नाम की सिफारिश की है? क्या यह हास्यास्पद नहीं है कि जिस देश में आदर्श लोकतंत्र नहीं है और सेना ही सरकार को हांकती है, जिस देश को आतंकवाद की पनाहगाह माना जाता रहा है, जो देश पैसा लेकर किसी भी देश के खिलाफ जेहाद करता रहा हो, जिस देश का रक्षा मंत्री कबूल करता हो कि हमने 30 साल में आतंकियों को पाला-पोसा है, उस देश ने नोबेल शांति पुरस्कार राष्ट्रपति ट्रंप को देने की सिफारिश की है? क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने शांति, स्थिरता, मानवता, सौहार्द के लिए अमूल्य, अतुलनीय प्रयास किए हैं? यदि अमेरिकी राष्ट्रपति खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के योग्य मानते हैं, तो मध्य-पूर्व में ही, ईरान के इर्द-गिर्द, अमरीका के 16 बड़े सैन्य अड्डे क्यों हैं? करीब 60 एकड़ क्षेत्र में घातक, संहारक विमान और 51,000 से अधिक सैनिक क्यों तैनात हैं? क्या यह भी शांति के लिए बंदोबस्त किया गया है? कमोबेश अमेरिका की सीमाएं वहां से काफी दूर हैं। यह अमरीका का साम्राज्यवाद ही है। बुनियादी तौर पर अमेरिका हिंसक, युद्धोन्मादी, जनसंहारक देश है। राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि उन्होंने रवांडा-कांगो के बीच समझौता करवा दिया है, जो सोमवार से प्रभावी हो जाएगा। मिस्र और इथियोपिया में शांति स्थापित कराई है। कोसोवो और सर्बिया के बीच युद्ध रुकवाया है। उन्होंने 15वीं बार यह दावा भी किया है कि भारत और पाकिस्तान के दरमियान हालिया संघर्ष को खत्म कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पाकिस्तान ने भी अपनी सिफारिश में लिखा है कि भारत के साथ संघर्ष में राष्ट्रपति ट्रंप का हस्तक्षेप एक वास्तविक शांतिदूत के रूप में उनकी भूमिका और बातचीत के माध्यम से संघर्ष के समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पूरी तरह गलत प्रमाणपत्र है। भारत ने पाकिस्तान के साथ कब बातचीत की थी? सैन्य अफसरों का संवाद युद्धविराम के लिए महज औपचारिकता था। नोबेल पुरस्कार कमेटी को ऐसी छद्म और फर्जी सिफारिश करना ही अपराध है।

यदि राष्ट्रपति ट्रंप वाकई शांतिदूत हैं, तो फलस्तीन के गाजा में हमले अब भी जारी क्यों हैं? वह रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त क्यों नहीं करवा पाए? यह तो ट्रंप का मुख्य चुनावी मुद्दा था। इराक, सीरिया, लीबिया, लेबनान, यमन, अफगानिस्तान आदि देशों में अमेरिका की युद्धबाज के तौर पर और खुद राष्ट्रपति ट्रंप की क्या भूमिका रही है? मौजूदा इजरायल-ईरान युद्ध को ही लें। बीते 10 दिन से भीषण हमले जारी हैं। करीब 700 मौतें हो चुकी हैं। ईरान के 12 से अधिक सैन्य जनरल मार दिए गए हैं। परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। कितनी इमारतें और प्रतिष्ठान खंडहर कर दिए गए हैं, उनका डाटा अभी उपलब्ध नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि वह इजरायल को युद्ध छोड़ने को नहीं कहेंगे। यह कौनसा शांतिकर्म है? ट्रंप बार-बार बयान बदल रहे हैं। अमेरिका युद्ध में संलिप्त भी है और राष्ट्रपति ट्रंप ने दो सप्ताह के बाद कोई फैसला लेने की बात कही है। वह दावा करते रहे हैं कि ईरान परमाणु बम बना रहा है, जबकि उनकी सरकार में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम 2003 में ही बंद करा दिया गया था, लिहाजा ईरान परमाणु बम कैसे बना सकता है? ट्रंप ने उनके बयान को खारिज कर दिया, तो तुलसी को भी सफाई देनी पड़ी। यदि ट्रंप वाकई शांतिदूत हैं, तो उनका परमाणु बम से क्या लेना-देना? उनके प्रयास होने चाहिए कि युद्ध अविलंब खत्म हो, लेकिन अमेरिका की नीयत के मद्देनजर रूस और चीन को चेतावनी देनी पड़ रही है कि अमेरिका युद्ध में घुसने की कोशिश न करे। राष्ट्रपति ट्रंप का नोबेल पुरस्कार के लिए दर्द बार-बार बयां हो रहा है कि वह कितना, कुछ भी कर लें, लेकिन उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। उनकी यह छटपटाहट इसलिए भी घनीभूत होती है, क्योंकि 2009 में तत्कालीन अमेरिका राष्ट्रपति बराक ओबामा को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। अब यह तय होना है कि ट्रंप पात्र हैं या नहीं?

# ट्रंप की नोबेल पुरस्कार पाने की चाहत, कितनी जायज?

**विश्व में शांति के पैरोकार रहे भारत को ठेंगा दिखाकर दुश्मन पाकिस्तान के साथ क्रिप्टो बिजनेस की प्राइवेट डील कर रहे हैं। जिस नाटो की स्थापना अमेरिका की पहल पर हुई थी, उसी से अमेरिका के तलाक की पैरवी कर रहे हैं। शांति और मानवता के काम करने वाले तमाम वैश्विक संगठनों की आर्थिक मदद बंद कर अमेरिका को शुद्ध मुनाफाजीवी देश बनाने की उनकी जिद है।**

**अजय बोकिल**

**मियां** गालिब कह गए हैं कि हजारों ख्वाहिशें ऐसी कि हर ख्वाहिश पे दम निकले..। ऐसे में अगर मनमौजी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शांति का नोबेल प्राइज पाने की हसरत और वो भी बिना कुछ खास किए पालें, तो गलत क्या है? ये जमाना ही शॉर्ट कट का है, लिहाजा लोग उंगली कटाकर भी शहीद बनना चाहते हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप का दर्द यही है कि अपने दूसरे कार्यकाल के सात महीनों में उन्होंने दुनिया की बेहतरी के लिए क्या कुछ नहीं किया, लेकिन कोई इसका कदरदान ही नहीं है, सिवाय एक पाकिस्तान के। जिसने एक क्रिप्टो डील और भारत के साथ कथित रूप से ट्रंप की पहल पर हुए सीजफायर की ऐवज में ट्रंप बाबा को नोबेल का सुपात्र घोषित कर दिया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या नोबेल पुरस्कार किसी के चाहने भर से मिल सकता है?

क्या यह भक्त को भगवान के वरदान की तरह है या फिर किसी सोद्देश्य, सद्भावनापूर्ण जीवन, असाधारण साधना, समर्पण और प्रतिबद्धता की वैश्विक स्वीकृति है, जिसके मिलने से मानव जीवन एक महान चरित्र और आदर्श में परिणत हो जाता है? शायद हां।

यही कारण है कि तमाम तरह के सौदेबाजियों में लिप्त और विश्वनीयता शब्द को तार-तार करने वाले ट्रंप अब नोबेल पुरस्कार पाकर विश्व इतिहास में अमर हो जाना चाहते हैं। इसकी खास वजह तो उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति ओबामा हैं, जिन्हें दुनिया में शांति और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया। ट्रंप उसे अपने तरीके से झटक लेना चाहते हैं।

**दिल का ना करना ऐतबार कोई'...**

याद करें कि 1957 में एक फिल्म आई थी, नाम था हुलाकू। वो क्रूर मंगोल शासक जिसने इस्लाम खलीफाओं की अब्बासिद शाखा की राजधानी बगदाद की ईंट से ईंट से बजा दी थी और खलीफा परंपरा को ही खत्म कर दिया था। उसी फिल्म में लता मंगेशकर का गाया गीत है दिल का ना करना ऐतबार कोई। यही गीत अब कुछ नए अंदाज में इतिहास दोहराता लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर करना ना ऐतबार कोई...! क्योंकि इस आदमी का कोई भरोसा नहीं। कब क्या कर बैठे, कह बैठे। कब पलटीमार दे और कब यू-टर्न ले लें।

इसका ताजातरीन उदाहरण इजराइल है, जो ट्रंप की शह पर ईरान से पंगा लेकर फंस गया लगता है। शायद अमेरिका ने भी नहीं सोचा होगा कि उनका 45वां राष्ट्रपति इतना अस्थिर चित्त, अविश्वसनीय, गजब का सौदेबाज और पल पल में रंग बदलने वाला साबित होगा।

इस पर तुर्रा यह कि बतौर राष्ट्रपति अपने दूसरे कार्यकाल के पहले ही साल में ट्रंप को शांति का नोबेल पुरस्कार चाहिए और इसके लिए उनके नाम की सिफारिश वो पाकिस्तान कर रहा है, जो पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई सशस्त्र कार्रवाई को कथित तौर पर रूकवाने के लिए ट्रंप के एहसान तले दबा हुआ है, वहीं पाकिस्तान जिसने अपने एकमात्र नोबेल पुरस्कार विजेता डा. दारे सलाम की कभी कद्र नहीं की, क्योंकि वो अहमदिया मुसलमान थे।

वैश्विक उपलब्धियां गिनाते रहते हैं ट्रंपः उधर राष्ट्रपति ट्रंप नोबेल पुरस्कार पाने अपनी जो वैश्विक उपलब्धियां गिना रहे हैं, उनमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर कांगो और रवांडा के बीच समझौता कराना, भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाना, सर्बिया और कोसोवो के बीच अमन की कायमी, मिस्र और इथियोपिया के बीच शांति बनाने तथा मध्य पूर्व में संयुक्त अरब अमीरात और इजराइल के बीच अब्राहम समझौता कराना आदि है। फिर भी उनका दर्द कि इतना सब कुछ करने के बाद भी मुझे नोबेल का शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। और मेरे लिए यही सबसे जरूरी है।

ट्रंप के दावे अपनी जगह है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। ट्रंप की रूस-यूक्रेन के बीच शांति कराने में नाकामी, ईरान-इजराइल के युद्ध को रुकवाने में उनकी विवादास्पद भूमिका, टैरिफ के नाम पर तमाम देशों के साथ अलग-अलग डील का ड्रामा, अमेरिका फर्स्ट की आड़ में एक के बाद एक अदूरदर्शी फैसले और विचित्र तर्क, राष्ट्रपति पद की गंभीरता को रसातल में ले जाना, दोस्तों से दुश्मनी भरा बरताव (जैसे कि भारत) और दुश्मनों को निजी फायदों के लिए गले लगाना ( जैसे कि पाकिस्तान)।

कभी चीन को दुश्मन नंबर एक बताना तो उसी के साथ टैरिफ और रेयर अर्थ एलीमेंट सप्लाई समझौता कर लेना, जिस खरबपति इलान मस्क को उन्होंने सबसे करीबी दोस्त बताया, उसी को किनारे लगाना, यह भ्रम बनाए रखना कि ट्रंप को अमेरिका का डीप स्टेट चला रहा है या ट्रंप डीप स्टेट को चला रहे हैं, खनिज संसाधनों की ब्लैकमेलिंग को नया राजनीतिक अस्त्र बनाना, पारिवारिक धंधे के विस्तार के लिए राष्टपति पद का यथासंभव दोहन करना तथा नैतिक मूल्यों को दरकिनार कर व्यावसायिक मूल्यों को तरजीह देना आदि हैं।

तो क्या सचमुच ट्रंप को नोबेल पुरस्कार मिल सकता है, क्या वे इसके लिए पात्र हैं? ट्रंप के बेटे की कंपनी के साथ क्रिप्टोकरेंसी धंधे का समझौता करने वाले पाक फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सिफारिश की नोबेल कमेटी की निगाह में क्या अहमियत होगी? जहां तक नोबेल पुरस्कार के लिए नामों की सिफारिश का प्रश्न है तो उसकी एक निश्चित प्रक्रिया है।

नोबेल शांति पुरस्कार उन व्यक्तियों या संगठनों को मिलता है, जिन्होंने राष्ट्रों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देने, सैन्य तनाव घटाने और शांति स्थापना के लिए असाधारण काम किया हो। नोबेल पुरस्कार के लिए हर साल एक फरवरी तक नामांकन जमा लिए जाते हैं। नामांकन प्रक्रिया 8 महीने तक चलती है। इसका संचालन नॉर्वेजियन नोबेल समिति करती है। इस पांच सदस्यीय नोबेल समिति की नियुक्ति नॉर्वे की स्टॉर्टिंग (संसद) करती है। केवल चुनिंदा लोग और संस्थाएं ही किसी को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित कर सकते हैं, जैसे- देशों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री, विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, पूर्व नोबेल शांति पुरस्कार विजेता, संसद सदस्य, जज और कुछ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सदस्य आदि। ये लोग अपने नामांकन में यह बताते हैं कि क्यों फलां व्यक्ति या संगठन शांति पुरस्कार का हकदार है।

नामांकन फार्म 31 जनवरी तक जमा होते हैं। प्राप्त नामांकनों की जांच नोबेल समिति जांच करती है और एक शॉर्टलिस्ट तैयार करती है। समिति विशेषज्ञों से सलाह ले सकती है और सूक्ष्म जांच और विचार-विमर्श के बाद विजेता का नाम चुनती है। आमतौर पर विजेता के नाम की घोषणा हर साल अक्टूबर में होती है। समिति का निर्णय अंतिम होता है। पुरस्कार के लिए समिति के पास जो नाम भेजे जाते हैं, उन्हें 50 साल तक गोपनीय रखा जाता है। नोबेल शांति पुरस्कार समारोह 10 दिसंबर को ओस्लो, नॉर्वे में होता है, जहां विजेता को मेडल, सर्टिफि केट और नकद पुरस्कार राशि (लगभग साढ़े 8 करोड़ रुपये) दी जाती है। बाकी के छह नोबेल पुरस्कार (भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, चिकित्साशास्त्र, साहित्य और अर्थशास्त्र) स्वीडन की राजधानी ओस्लो में दिए जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नोबेल समिति के पास कुल 338 नाम आ चुके हैं, जिनमें से 244 व्यक्तिगत और 94 नाम संगठनों ने भेजे हैं। अगर ट्रंप नोबेल की चाहत रखें भी तो उन्हें 2026 का इंतजार करना होगा।

# डिफेंस एक्सपोर्ट में भारत के बढ़ते कदम

**ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली भारत की रक्षा तकनीक की एक उत्कृष्ट उपलब्धि है। यह सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम ₹ब्रह्मोस एयरोस्पेसर₹ द्वारा विकसित की गई है। अब यह न केवल भारत की सैन्य क्षमताओं का एक अभिन्न हिस्सा है, बल्कि भारत के डिफेंस निर्यात की पहचान भी बन रही है। भारत ब्रह्मोस मिसाइल का निर्यात करने की दिशा में सफलतापूर्वक कदम बढ़ा चुका है। यह भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा विकसित एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जो दुनिया की सबसे तेज क्रूज मिसाइलों में से एक मानी जाती है।**

**शशांक द्विवेदी**

**पिछले** कुछ वर्षों में भारत ने डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता की दिशा में जिस तेजी से कदम बढ़ाए हैं, उसका असर अब वैश्विक मंच पर भी दिखने लगा है। रक्षा उत्पादों के आयातक देश से निर्यातक देश बनने की दिशा में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। मेक इन इंडिया , आत्मनिर्भर भारत और रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों ने देश को रक्षा निर्माण और निर्यात में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

डिफेंस एक्सपोर्ट में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरीः रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का रक्षा निर्यात वित्तीय वर्ष 2017-18 में मात्र 1,521 करोड़ रुपये था, जो 2023-24 में बढ़कर 16,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह लगभग 950% की वृद्धि है, जो यह दशार्ता है कि भारत अब रक्षा निर्माण और निर्यात के क्षेत्र में एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर रहा है।

**किन देशों को किया गया निर्यात?**

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और यूरोप के 85 से अधिक देशों को रक्षा उत्पादों का निर्यात किया है। इनमें प्रमुख देश हैंः मॉरीशस, सेशेल्स, वियतनाम, फिलीपींस, म्यांमार, नेपाल, भूटान, इंडोनेशिया, श्रीलंका, अर्जेंटीना, मोजाम्बिक, नाइजीरिया, बहरीन, मलेशिया, यूएई, सऊदी अरब, पोलैंड, इक्वाडोर, ब्राजील हैं।

**कौन-कौन से डिफेंस आइटम निर्यात किए गए? :** भारत से निर्यात किए जाने वाले प्रमुख रक्षा उत्पादों में आर्टिलरी गन सिस्टम्स ( धनुष) आकाश मिसाइल प्रणाली, रडार सिस्टम्स (स्वाति रडार), गश्ती नौकाएं और मिसाइल बोट्स, डोर्नियर एयरक्राफ्ट, 'ध्रुव', बुलेटप्रूफ जैकेट्स, हेल्मेट्स, स्मॉल आर्म्स और गोला-बारूद, ड्रोन ,यूएवी आदि शामिल हैं । सरकार की नीतियां और प्रोत्साहनः सरकार ने रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं मसलन रक्षा उत्पादन नीति , निजी कंपनियों को प्रोत्साहन, विदेशों में रक्षा अटेचेज की नियुक्ति, सिंगल विंडो क्लियरेंस, डिफेंस एक्सपो जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भूमिकाः हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड , भारत डायनामिक्स लिमिटेड , भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक उपक्रमों के साथ-साथ टाटा, एलएंडटी, भारत फोर्ज जैसी निजी कंपनियों ने डिफेंस निर्यात को नया आयाम दिया है।सरकार ने लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाया है, जिससे निजी कंपनियाँ भी रक्षा उत्पादन और निर्यात में भाग ले सकें।

रक्षा निर्यात से जुड़े लाइसेंस और परमिशन अब सिंगल विंडो सिस्टम से मिल रहे हैं।विदेशों में भारतीय दूतावासों में रक्षा अटेचेज की नियुक्ति की गई है, जो वहां के रक्षा आयातकों से संवाद बनाते हैं।

ब्रह्मोस मिसाइल का निर्यातः ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली भारत की रक्षा तकनीक की एक उत्कृष्ट उपलब्धि है। यह सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम ₹ब्रह्मोस एयरोस्पेसर₹ द्वारा विकसित की गई है। अब यह न केवल भारत की सैन्य क्षमताओं का एक अभिन्न हिस्सा है, बल्कि भारत के डिफेंस निर्यात की पहचान भी बन रही है।

भारत ब्रह्मोस मिसाइल का निर्यात करने की दिशा में सफलतापूर्वक कदम बढ़ा चुका है। यह भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा विकसित एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जो दुनिया की सबसे तेज क्रूज मिसाइलों में से एक मानी जाती है। यह भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट सेक्टर की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि इससे भारत विश्व के चुनिंदा मिसाइल निर्यातक देशों की सूची में शामिल हो गया है। जनवरी 2022 में, भारत ने फिलीपींस के साथ लगभग $375 मिलियन (करीब 2700 करोड़ रुपये) का सौदा किया। इस सौदे के तहत भारत शिप-लॉन्च ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति कर रहा है। यह भारत की पहली बड़ी मिसाइल निर्यात डील है। भारत लंबे समय से वियतनाम को ब्रह्मोस मिसाइल बेचने की दिशा में बातचीत कर रहा है। राजनीतिक और रणनीतिक कारणों से अब तक कोई अंतिम डील नहीं हुई है, लेकिन बातचीत आगे बढ़ रही है। इंडोनेशिया, थाईलैंड, मलेशिया, यूएई, ब्राजील, अर्जेंटीना आदि देश – संभावित ग्राहक .भारत ने इन देशों को ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की पेशकश की है। ब्रह्मोस के ₹लैंड, शिप और एयर वर्जनर₹ को लेकर इन देशों में रुचि जताई गई है।

**भारत के लिए ब्रह्मोस निर्यात क्यों महत्वपूर्ण है? :** ब्रह्मोस निर्यात भारत की तकनीकी और सामरिक क्षमताओं को दशार्ता है। ब्रह्मोस जैसे हाई-एंड हथियारों के निर्यात से भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। दक्षिण चीन सागर और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत की स्थिति मजबूत होती है। इससे ₹आत्मनिर्भर भारत₹ और ₹मेक इन इंडिया₹ की वैश्विक छवि सशक्त हो रही है।

**आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम :** भारत का लक्ष्य है कि वह 2047 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बने और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग इसमें एक प्रमुख स्तंभ बने। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देना न केवल विदेशी मुद्रा कमाने का जरिया है, बल्कि यह भारत की वैश्विक रणनीतिक स्थिति को भी मजबूत करता है। इससे भारत की ₹सॉफ्ट पॉवर₹ और ₹स्ट्रैटेजिक पावर₹ दोनों को बढ़ावा मिलता है।

**चुनौतियां और भविष्य की दिशा :** भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा, तकनीकी आवश्यकताओं और लॉजिस्टिक्स जैसी चुनौतियों से जूझना होगा। लेकिन सरकार की रणनीतियाँ और निजी क्षेत्र की सक्रियता इस राह को आसान बना सकती हैं। इनसे निपटने के लिए भारत को अनुसंधान एवं विकास में निवेश, रक्षा स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन और वैश्विक साझेदारियों को मजबूत करना होगा। भारत का डिफेंस सेक्टर अब आत्मनिर्भरता से आगे बढ़कर वैश्विक योगदानकर्ता बनने की ओर अग्रसर है।

# कस्तूरी कुंड़ल बसै

**ओशो**

## चिंतन-मनन

**ध्यान** का पहला सूत्र है जिसे तुम खोजने चले हो वह खोजने वाले में छिपा है। कस्तूरी कुंडल बसै। यह ध्यान के पाठ का प्रारंभ है कि पहले अपने घर को टटोल लो। आनंद को खोजने चले हो? जगत बहुत बड़ा है। पहले घर में खोज लोङ्क वहां न मिले तो फिर जगत में खोजना। कहीं ऐसा न हो कि आनंद की राशि घर में लगी रहे और तुम जगत में खोजते फिरो। अकसर ऐसा ही होता है। ऐसा ही हुआ है। हम खोज रहे हैं मिलता भी वहीं है वहां तो हम और दूर निकलते जाते हैं खोज में। जितना ही पाते हैं कि मिलना नहीं हो रहा है उतनी ही हमारी खोज बेचैन और विक्षिप्त होती जाती है। जितना ही हम पाते हैं कि दौड़कर नहीं पहुंच रहे हैं हम दौड़ को और बढ़ाये जाते हैं। हमारे मन का तर्क कहता है कि शायद ठीक से नहीं दौड़ रहे शायद जितनी शक्ति से दौड़ना चाहिए उतनी शक्ति से नहीं दौड़ रहे हैं। और दौड़ो और उपाय करो; सारे लोग बाहर दौड़े जा रहे हैं तो होगा तो जरूर बाहर इतने लोग गलत थोड़े ही हो सकते हैं! हम जिस भीड़ में पैदा होते हैं जन्म से ही हम पाते हैं कि भीड़ भागी जा रही है किसी के साथ। हम भी भीड़ के हिस्से हो जाते हैं। कोई धन खोज रहा है, कोई पद खोज रहा है, कोई यश खोज रहा है,लेकिन खोज बाहर है। सभी की बाहर है, तो हम भी उसमें लग जाते हैं, संलग्न हो जाते हैं। मनुष्य का मन भीड़ से चलता है। भीड़ का एक मनोविज्ञान है। तुम जहां बहुत लोगों को जाते देखते हो, तुम भी चल पड़ते हो। अनजाने यह बात स्वीकृत कर ली गई है कि जहां इतने लोग जा रहे हैं वह ठीक ही जा रहे होंगे। इसीलिए तो दुनिया में बहुत सी धारणाएं भी सदियों तक चलती हैं। पता भी चल जाता है कि गलत हैं तो भी चलती हैं, क्योंकि भीड़ जब तक उन्हें न छोड़ दे तब तक नये लोग आते हैं और पुरानी धारणाओं को पकड़ते चले जाते हैं। जबतक भीड़ उन्हें पकड़े है तब तक नये बच्चे भी उन्हें पकड़ लेंगे, क्योंकि बच्चे तो अनुकरण करते हैं। हम सब अनुकरण में हैं। इसलिए अलग-अलग संस्कृति, अलग-अलग समाज में अलग-अलग चीजें मूल्यवान हो जाती हैं। किसी समाज में धन का बहुत मूल्य है। जैसे अमेरिका। तो अमेरिका में जो भीड़ है,वह धन की दीवानी है। और सब चीजें गौण हैं,धन प्रमुख है। हर चीज धन से खरीदी जा सकती है। इसलिए धन को पा लो। जिन समाजों में त्याग का बड़ा मूल्य रहा है उन समाजों में सदियों तक लोगों ने त्याग किया है।

## आपके पत्र

### मानव जीवन और विकास में पुस्तकों की भूमिका

**ज्ञानार्जन** या ज्ञानोपलब्धि के लिए स्वाध्याय और पुस्तकों का सम्बन्ध अन्न और जल तथा सुई और धागे की तरह एक-दूसरे का पोषक एवं पूरक है। स्वाध्याय के साथ पुस्तकों और पुस्तकालयों का महत्त्व और उनकी उपयोगिता पर भी चिंतन करना अपेक्षित है। देव-पूजन में जितना महत्त्व देवी-देवों का है, उतना ही महत्त्व देवालयों का है। यदि देव मंदिर अथवा देवालय नहीं होंगे तो देव-विग्रह की प्रतिष्ठा कहां होगी। हम सभी जानते हैं कि पुस्तक स्वयं में ज्ञान नहीं है। वह निर्जीव कागजों का एक संपुट है, परंतु ज्ञान का यह एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है, जिसकी उपयोगिता सर्वमान्य है।

पुस्तकें देखने में अजीब अथवा जड़ दिखाई देती हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि उनमें लेखकों, रचयिताओं की आत्मा बसी रहती है। इसलिए भावात्मक दृष्टि से उस ज्ञान के साधन को ज्ञान मानकर प्रतिष्ठित किया गया है।

**रमेश सिंह**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## अज्ञात नवजात 33 दिन बाद एसएनसीयू से डिस्चार्ज होकर जिला बाल सरंक्षण को सुपूर्द



**साहिबगंज :** एक नवजात अज्ञात बालिका जो कि झाड़ियों में पड़ी हुई मिली थी बाल कल्याण समिति और जीरवाबाड़ी थाना के सहयोग से बालिका की तत्काल स्वास्थ्य सेवा के लिए सदर अस्पताल में 21 मई को भर्ती कराया गया था । देखरेख में बच्ची का समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई भर्ती के समय बच्ची का वजन 1760 ग्राम था । जबकि 23 जुन को लगभग 33 दिन के बाद बच्ची को पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद बच्ची का से छुट्टी किया गया। छुट्टी के समय बच्ची का वजन 2220 ग्राम था । बच्ची के इलाज में अस्पताल प्रबंधक राजेश कुमार यादव रश्मि प्रिया तिर्की सीएच ओ एवम् सभी कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।उपाधीक्षक डॉ एस सी हांसदा एवं नोडल पदाधिकारी डॉ फरोग हसन* के द्वारा बच्ची को *जिला संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी* को सुपुर्द किया गया। मौके पर आदित्य कुमार , राजेश कुमार यादव इंचार्ज, प्रभारी अस्पताल मैनेजर अमन पांडे, के कर्मी मौजूद थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 पर आधारित जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न



**दुमका :** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के अध्यक्षता में सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज2 अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 पर आधारित जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 01एवं 02 द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी ररऋ2025 का आयोजन जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग भारत सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

जिसमें ग्राम स्तर पर स्वतंत्र एजेंसी एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के द्वारा सर्वे किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एव अन्य विभाग के द्वारा ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, स्वच्छता एवं रछहट के तहत किये गये कार्यों तथा उसका उपयोग का अवलोकन किया जायेगा। ररऋ2025 के तहत चयनित स्वतंत्र एजेंसी के द्वारा सर्वेक्षण का कार्य 26 जून 2025 से अगस्त-2025 तक किया जाना है।

उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया कि ररऋ 2025 का सर्वे टीम आने से पूर्व मोबाइल ऐप के द्वारा फीडबैक एवं अन्य सभी आवश्यक तैयारी करना सुनिश्चित करेंगें।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक के द्वारा ररऋ2025 के सभी बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारियां साझा की गई। इस कार्यशाला जिला के सभी पदाधिकारी,कर्मी एवं प्रखंड के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## एसकेएमयू: स्नातक नामांकन के लिए आज आखिरी मौका

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में बीए, बीएससी और बीकॉम जैसे स्नातक कोर्सों में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख आज मंगलवार तक है। बता दें विश्वविद्यालय ने 1 जून2025 से चांसलर पोर्टल के जरिए आवेदन लेने की शुरूआत की थी अब तक करीब 41 हजार छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन कर दिया है। नामांकन की यह प्रक्रिया संथाल परगना के छह जिलों झ दुमका, देवघर, साहेबगंज, पाकुड़, जामताड़ा और गोड्डा में स्तिथ कुल 41 कॉलेजों में चल रही है।

इन 41 कॉलेजों में से 27 कॉलेज विश्वविद्यालय के अंगीभूत हैं और 14 कॉलेज संबद्ध हैं। अंगीभूत कॉलेजों में 13 पुराने कॉलेज, 5 नए डिग्री कॉलेज, 4 नए महिला कॉलेज और 5 मॉडल कॉलेज शामिल हैं। नए खुले डिग्री, मॉडल व महिला कॉलेजों में इस साल छात्रों ने काफी दिलचस्पी दिखाई है।

विश्वविद्यालय ने कुल 34 विषयों में एडमिशन के लिए आवेदन मांगे हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पहली मेरिट लिस्ट 28 जून2025 को जारी की जाएगी और उसमें चुने गए छात्रों का नामांकन 1 जुलाई से 17 जुलाई2025 तक होगा। दूसरी मेरिट लिस्ट 18 जुलाई को आएगी और उसमें नामांकन 21 से 26 जुलाई2025 तक होगा। सभी नए नामांकित छात्रों की कक्षाएं 1 अगस्त2025 से शुरू होंगी।

## भारतीय खाद्य निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का उपायुक्त ने किया स्वागत

देवघर : फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर आशुतोष अग्निहोत्री के देवघर जिले में आगमन पर देवघर परिसदन में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

## ओलंपिक दिवस सेलिब्रेशन का आयोजन

**दुमका :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर सोमवार को दुमका जिला कुश्ती संघ व हॉकी दुमका के द्वारा दुमका में दो दिवसीय ओलंपिक दिवस सेलिब्रेशन आयोजित किया। कई विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिनमें वेस्टर्न इंग्लिश स्कूल शिवपहाड़,दुमका,ग्रीन माउंट अकैडमी थाना रोड दुमका तथा ग्रीन माउंट अकैडमी,बक्शी बांध रोड , दुमका हैं। आज चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा और सभी प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

आयोजन सचिव संदीप कुमार जय बमबम ने कहा कि राज्य संघ के आदेशानुसार सभी जिलों में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को ओलंपिक दिवस के बारे में जानकारी देना है।

इस आयोजन को सफल बनाने में ग्रीन माउंट स्कूल के डायरेक्टर करुण कुमार राय,वेस्टर्न इंग्लिश स्कूल के डायरेक्टर -सह- उपाध्यक्ष दुमका जिला कुश्ती संघ अजय कुमार दुबे का योगदान सराहनीय है।

# राजकीय श्रावणी मेला को लेकर डीसी ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के दौरान की जा रही तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिया कि राजकीय श्रावणी मेला की शुरूआत से ठीक पहले सारी तैयारियों को जुलाई के प्रथम सप्ताह तक तक पूरी तरह से पूर्ण कर लें। इस दौरान मेला से संबंधित सभी विभागों के कार्यशैली की बिंदुवार समीक्षा करते हुए बाबा मंदिर, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, परिहवन विभाग, भवन प्रमंडल विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग, विद्युत आपूर्ति, वर्क डिविजन, पथ निर्माण विभाग एवं सूचना जनसम्पर्क विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।



इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विभागवार किये जाने वाले कार्यों की वर्तमान स्थिति, निविदा आदि की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता है, ताकि तय समय अनुसार सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जा सके। आगे उपायुक्त ने विभागों की बिन्दुवार समीक्षा के क्रम में संबंधित विभाग के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अपने-अपने विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं को और भी बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास करें, ताकि देवतुल्य श्रद्धालु बाबा नगरी से एक अच्छी अनुभूति लेकर अपने गंतव्य स्थान की प्रस्थान करें। इस दौरान उपायुक्त ने कांवरिया पथ में बालू बिछाव, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, इंद्र वर्षा, विद्युत व्यवस्था, सूचना केन्द्र, साफ-सफाई, स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर की जाने वाली तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को तीव्र गति से कार्य करने का निर्देश दिया।

आपसी समन्वय के साथ सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप करे कार्य....*

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने संबंधित विभाग के सभी अधिकारियों को निदेशित किया गया कि आपसी समन्वय के साथ श्रावणी मेले की तैयारियों में जुट जायें, ताकि मेले की व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रह जाय। साथ हीं उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था, बाहर से आने वाले चिकित्सकों के आवासन को लेकर किए जाने वाले कार्यों के अलावा मंदिर में की जाने वाले कार्यो को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। आगे उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के अलावा पुलिस आवासन, ओपी निर्माण कार्य के अलावा सभी विभागों को आपसी सामंजश बिठाकर कार्य करने का निदेश दिया।

बैठक में डीएफओ अभिषेक भूषण, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, मंदिर प्रभारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, गोपनीय प्रभारी मुकेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत संचरण प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमंडल, धनबाद, कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण निगम, कार्यपालक अभियन्ता, पथ एन०एच० प्रमंडल, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें : डीसी

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी।बैठक में उपायुक्त ने विभागवार समीक्षा की एवं योजनाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निदेश दिया।

आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राशन का वितरण निर्धारित मात्रा में लाभुकों के बीच किया जाय।राशन का उठाव एवं वितरण ससमय हो,इसे सुनिश्चित करें।कहा प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं एमओ पीडीएस दुकानों का निरीक्षण करें एवं राशन वितरण की जांच करें।इस दौरान उन्होंने ई-केवाईसी के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निदेश दिया।

अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवास के निर्माण कार्य मे तेजी लाने का निदेश दिया साथ योजना के तहत दी जाने वाली राशि के किश्तों का भुगतान ससमय करने का निदेश दिया।कहा कि सभी प्रखंड प्राथमिकता के आधार पर आवास के निर्माण कार्य को पूर्ण कराएं।इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) एवं पीएम जनमन के तहत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिया है।

कूप निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कुआँ का निर्माण निर्धारित मापदंड के अनुरूप हो इसे सुनिश्चित करें।निर्माण के बाद कुआँ धसना नहीं चाहिए इसे सुनिश्चित करें।कहा कि हर प्रखंड में औसतन 100 एकड़ में स्ट्रॉबेरी की खेती की जाय।जहाँ कुआं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है खेती के लिए वैसे स्थानों का चयन करें।

इस दौरान उपायुक्त ने पशुधन विकास योजना,पशुपालन एवं गव्य विकास की समीक्षा करते हुए लाभुकों का चयन करते हुए योजनाओं से आच्छादित करने का निदेश दिया।कहा कि विभाग द्वारा दिये गए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें साथ ही प्राप्त लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें।कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय टीम द्वारा योजना का लाभ लाभुकों को मिल रहा है अथवा नहीं इसकी जांच की जाएगी।



जेएसएलपीएस के कार्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने प्रत्येक टोला में दीदी की दुकान खोलने का निदेश दिया।कहा कि दीदी की दुकान हेतु लाभुकों का चयन करते हुए दुकान खोलने का कार्य किया जाय।उन्होंने दीदी का ढाबा हेतु लाभुकों का चयन करने का निदेश दिया।इस दौरान डोकरा आर्ट के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निदेश भी दिया।

उधोग विभाग की समीक्षा करते हुए पीएम विश्वकर्मा योजना से योग्य लाभुकों को जोड़ने का निदेश दिया।कहा कि वैसे प्रखंड जहां पीएम विश्वकर्मा योजना से संबंधित आवेदन लंबित उक्त आवेदनों की जांच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाय।

उपायुक्त ने कहा कि पंचायत ज्ञान केंद्र का निर्माण पंचायतों में किया गया है।यह भवन शोभा की वस्तु नहीं बने इसका ध्यान रखा जाय।उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को निदेश दिया कि सभी विद्यालयों को पत्र लिखकर इस भवन का उपयोग सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में पंचायत भवन बंद नहीं रहे,इसका ध्यान रखा जाय।पंचायत भवन बंद रहने की स्थिति में सभी संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।कहा कि 15वीं वित्त आयोग की राशि से खराब चापानलों की मरम्मती की जाय।अगर इसके बावजूद खराब चापानल से संबंधित शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित पंचायत सचिव के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना सहित अन्य कल्याण९री योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निदेश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि किसी भी आंगनबाड़ी केंद्रों में चापानल खराब नहीं रहे इसे सुनिश्चित करें। बैठक में जानकारी दी गयी कि 38 विद्यालय में पुरूष शौचालय नहीं है।54 विद्यालय में पानी की सुविधा नहीं है।79 विद्यालय में चापानल (अन्य स्रोत) खराब है।निदेश दिया कि विकास मद से उक्त कार्य को करा लें।वैसे कार्य जो आपके द्वार नहीं किया जा सकता है उसकी सूची बीडीओ को उपलब्ध करा दें।बैठक में जानकारी दी गयी कि 10 विद्यालयों में विधुत की व्यवस्था नहीं है।

## बकरा चोरी के आरोपी से पूछताछ कर रहे युवक से मारपीट

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र का पाकीजा मोड़ के पास शनिवार देर रात को बकरा चोरी के आरोप में विवाद हो गया।बताया जा रहा है कि चोरी के कथित आरोपी से पूछताछ कर रहे युवकों पर उसके परिजनों ने ही हमला कर दिया, जिसमें एक युवक को बंधक बना लिया गया।स्थानीय लोगों और पीड़ित पक्ष के अनुसार इंग्लिश गांव निवासी जावेद आलम ने आरोप लगाया है कि बकरीद से ठीक एक दिन पहले उनका बकरा चोरी हो गया था। यह पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी, जिसके आधार पर जावेद ने कथित चोर की पहचान बाबूटोला के एक युवक के रूप में की। फुटेज से यह भी पता चला कि चोरी किया गया बकरा एक टोटो से इंग्लिश से उधवा चौक तक ले जाया गया था।।टोटो चालक की निशानदेही पर जावेद आलम अपने भाई परवेज आलम के साथ कथित आरोपी तक पहुंचे। जब वे उससे पूछताछ कर रहे थे। तो बात हाथापाई तक पहुंच गई।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर फुटबॉल, कबड्डी एवं कुश्ती के खिलाड़ियों का हुआ उत्साहवर्धन

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निदेश के आलोक में जिला खेल कार्यालय साहिबगंज द्वारा 23 जून अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर ओलंपिक मूल्यों से जनमानस को अवगत कराने तथा खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु 23 से 26 जून तक विभिन्न खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसी कड़ी में आज स्थानीय सिद्धो कान्हु स्टेडियम में बालक वर्ग का फ्रैंडली फुटबॉल मैच बालिका वर्ग का दोस्ताना कबड्डी मुकाबला और बालक व बालिका वर्ग का कुश्ती का दोस्ताना मैच आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को ओलंपिक दिवस की शुभकामनाएं दी। खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने का संदेश दिया।जबकि कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित रहा। जिसमें जिन खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर पर साहिबगंज जिले का नाम रौशन किया है। उन्हें आगामी 26 जून 2025 को विशेष सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।इस अवसर पर साहिबगंज जिला ओलंपिक संघ के सचिव माधव चंद्र घोष जिला खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी प्रशिक्षक योगेश यादव गौतम झा सुरेंद्र कुमार, समा प्रवीण जिम ट्रेनर गौरव झा एथलेटिक्स प्रशिक्षक निमाई चौधरी जिला साइक्लिंग संघ के श्रवण कुमार सहित आवासीय बालक एवं डे बोर्डिंग बालिका




दुमका : सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में हूल दिवस 2025 के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर के निर्देश पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार ने विभिन्न समितियों का गठन किया है। कार्यक्रम की शुरूआत 26 जून 2025 को विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर भोगनाडीह जाने वाले पदयात्रियों के पारंपरिक स्वागत से होगी। इस हेतु स्वागत समिति का गठन किया गया है, जिसके संयोजक डॉ. सुजीत कुमार सोरेन हैं तथा सदस्यगण में डॉ. पूनम हेंब्रम, डॉ. शर्मिला सोरेन, डॉ. सुमित्रा हेंब्रम, डॉ. स्नेहलता मुर्मू, डॉ. सुशील टुडू, डॉ. चंपावती सोरेन, डॉ. अंजूला मुर्मू, डॉ. विनोद मुर्मू, डॉ. बास्की नीरज, डॉ. स्वेता मरांडी और डॉ. अमित मुर्मू शामिल हैं।

आयोजन के वित्तीय पक्षों को व्यवस्थित रूप से संचालन हेतु बजट समिति बनाई गई है, जिसके संयोजक वित्त पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा हैं एवं सदस्य परिमल कुंदन और प्रदीप पंडित हैं। आगंतुकों के पारंपरिक स्वागत हेतु लोटा-पानी समिति का गठन भी किया गया है, जिसकी संयोजक डॉ. शर्मिला सोरेन हैं और सदस्य डॉ. पूनम हेंब्रम, डॉ. स्नेहलता मुर्मू, डॉ. चंपावती सोरेन और श्रीमती स्वेता मारीडी हैं।

हूल दिवस के अंतर्गत 23 से 26 जून के बीच विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें एकल गीत, सामूहिक गीत, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, भाषण, क्विज, रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन और विजेताओं के चयन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा चयन समिति का गठन किया गया है, जो 28 जून 2025 को प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता आयोजित कर उनका मूल्यांकन करेगी।

एकल गीत प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. संजय कुमार सिंह हैं और सदस्य हैं डॉ. सुजीत सोरेन, डॉ. शर्मिला सोरेन, डॉ. संतोष शील, डॉ. राजेश प्रसाद और डॉ. हिमाद्रि शेखर दत्ता। एकल नृत्य के संयोजक डॉ. संजीव कुमार सिन्हा हैं तथा सदस्य डॉ. पूनम हेंब्रम, डॉ. निर्मला त्रिपाठी, डॉ. स्नेहलता मुर्मू, डॉ. अमित मुर्मू और श्रीमती कृष्णा कुमारी हैं। सामूहिक गीत प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. टी.पी. सिंह और सदस्य डॉ. अच्युत चेतन, डॉ. अंजूला मुर्मू, डॉ. स्वतंत्र सिंह और डॉ. सुनील कुमार यादव हैं। सामूहिक नृत्य में संयोजक डॉ. अनिल कुमार वर्मा हैं और सदस्य डॉ. राजेश यादव, डॉ. एस.एल. बोंडाया, डॉ. ज्ञानचंद और डॉ. स्वेता मरांडी हैं।

भाषण प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. विजय कुमार सिन्हा हैं और सदस्य डॉ. अजय सिन्हा, डॉ. कलानंद ठाकुर, डॉ. बास्की नीरज और डॉ. विनोद मुर्मू हैं। क्विज प्रतियोगिता में संयोजक डॉ. नीलेश कुमार तथा सदस्य अमिता कुमारी, डॉ. राजीव केरकेट्टा, डॉ. चंपावती और डॉ. अनिता हेंब्रम हैं। पेंटिंग प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. एस.एन. अधिकारी हैं और सदस्य डॉ. एस.टी. खान, डॉ. सुशील टुडू, डॉ. आर.आर. सिन्हा, डॉ. संतोष कुमार सिंह और श्री गणेश हैं।

चयन समिति द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की सूची तैयार कर छात्र कल्याण कार्यालय को 28 जून तक सौंपी जाएगी। इसके आधार पर सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन का यह प्रयास न केवल हूल दिवस की ऐतिहासिक चेतना को विद्यार्थियों में जागृत करेगा, बल्कि उनकी रचनात्मक प्रतिभा को भी सम्मानित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगा।



# पहले ही वीकेंड पर 60 करोड़ पार हुई सितारे जमीन पर

**बॉलीवुड** स्टार और फिल्मकार आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर ने भारतीय बाजार में पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनों में करीब 60 करोड़ की कमाई कर ली है। आमिर खान की सितारे जमीन पर 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। यह फिल्म वर्ष 2007 की क्लासिक तारे जमीन पर की स्पिरिचुअल सीक्वल कही जा रही है। फिल्म के जरिए आमिर खान ने लंबे समय बाद फिल्मों में कमबैक किया है। फिल्म सितारे जमीन पर सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ने पहले दिन भारतीय बाजार में 10.7 करोड़ रुपये की कमाई की। दूसरे दिन फिल्म ने 20.2 करोड़ की कमाई की। अब तीसरे दिन कलेक्शन भी सामने आ गया है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म सितारे जमीन पर ने तीसरे दिन 29.22 करोड़ का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म सितारे जमीन पर भारतीय बाजार में अपने पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनों में करीब 60 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है। फिल्म सितारे जमीन पर में 10 नए चेहरों की धमाकेदार लॉचिंग हुई है।

आमिर खान प्रोडक्शंस प्रस्तुत इस फिल्म में 10 राइजिंग सितारे अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभजैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी सितारे जमीन पर में आमिर खान और जेनेलिया देशमुख लीड रोल में हैं। इस फिल्म के गाने अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने दिया है। इसका स्क्रीनप्ले दिव्य निधि शर्मा ने लिखा है। इस फिल्म को आमिर खान और अपर्णा पुरोहित ने रवि भागचंदका के साथ प्रोड्यूस किया है, जबकि निर्देशन आरएस प्रसन्ना ने किया है।

# ड्रग मामले में न्यायिक हिरासत में भेजा गया ये साउथ एक्टर, कोकीन खरीदने का लगा आरोप






**तमिल सिनेमा** के अभिनेता श्रीकांत एक कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। पुलिस ने अभिनेता को तकरीबन आठ घंटे की लंबी पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जहां वो 7 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे। श्रीकांत पर ये कार्रवाई ड्रग्स से जुड़े एक मामले में हुई है।

एक्टर के ड्रग्स लेने की हुई पुष्टिः पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीकांत के ब्लड सैंपल किलपौक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेडिकल टेस्ट के लिए एकत्र किए गए थे। जिसके बाद जांच में अभिनेता के शरीर में नशीले पदार्थ की मौजूदगी की पुष्टि हुई। पुलिस ने बताया कि इसके बाद सोमवार रात को श्रीकांत को एग्मोर स्थित 14वें मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के आवास पर ले जाया गया और रिमांड पर लिया गया। अब उन्हें 7 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

कल अभिनेता से हुई थी पूछताछः पूर्व एआईएडीएमके पदाधिकारी टी प्रसाद को हिरासत में लिए जाने के बाद सोमवार को नुंगमबक्कम पुलिस थाने में अभिनेता से पूछताछ की गई। पुलिस को शक है कि प्रसाद ने 46 वर्षीय श्रीकांत और एक अन्य अभिनेता को कोकीन की आपूर्ति की है। इस पूरे मामले में जांच के बाद अब ये कदम उठाया गया है।

11 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त होने की खबरः पिछले सप्ताह नुंगमबक्कम पुलिस ने सलेम के प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया था और उससे मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने घाना के जॉन नामक व्यक्ति को राज्य के होसुर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उनके पास से करीब 11 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया गया। कई तमिल फिल्मों में नजर आ चुके हैं श्रीकांतः श्रीकांत के करियर की बात करें तो वो पिछले 26 साल से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। उन्होंने साल 1999 में टीवी शो जन्नाल झ मरबू कविथैगल से अपना करियर शुरू किया था। श्रीकांत ने काना कंडेन, ओरु नाल कनवु, बाम्बारा कन्नले, मनासेल्लम, वर्णजलम, मर्करी पूक्कल, ईस्ट कोस्ट रोड, पू, सथुरंगम और नानबन जैसी कई फिल्मों में काम किया है। वो आखिरी बार तमिल फिल्म कोनजम कधल कोनजम मोधल और तेलुगु फिल्म एरराचेरा में नजर आए थे।




# वाईआरएफ और मोहित सूरी ला रहे हैं 'सैयारा' का चौथा रोमांटिक गाना 'हमसफर'

**यशराज** फिल्म्स और मोहित सूरी की आगामी रोमांटिक फिल्म सैयारा इस साल की सबसे बेहतरीन म्यूजिक एल्बम्स में से एक बनकर उभर रही है। फिल्म के अब तक रिलीज हुए तीन गाने – टाइटल ट्रैकसैयारा , जुबिन नौटियाल का बर्बाद और विशाल मिश्रा का तुम हो तो – सभी को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है और ये गाने हिट हो चुके हैं।

अब, इस एल्बम का चौथा गाना भी रिलीज के लिए तैयार है – हमसफर, जिसे लोकप्रिय संगीतकार जोड़ी सचेतझपरंपरा ने गाया है। यह गाना एक बार फिर रोमांस की दुनिया में डूबने का मौका देगा, और इसका थीम हैः प्यार सही मायनों में तभी असर करता है जब साथ सही हो। यह गाना मोहित सूरी और साचेत परंपरा की पहली साझेदारी है, और इसी कारण इस गाने को लेकर उम्मीदें बहुत ऊंची हैं।

गाने की रिलीज से पहले, वाईआरएफ ने फिल्म के मुख्य कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा की एक नई तस्वीर साझा की है, जो हमसफर गाने से ली गई है। यह तस्वीर फिल्म में उनके रोमांटिक सफर की एक झलक देती है, और साथ ही उनके बीच की जबरदस्त केमिस्ट्री और दिलचस्प प्रेम कहानी को भी उजागर करती है।

वाईआरएफ और मोहित सूरी ने सैयारा के दूसरे गाने की लॉन्च से पहले कुछ ऐसे बनाया माहौल वाईआरएफ और मोहित सूरी ने सैयारा के दूसरे गाने की लॉन्च से पहले कुछ ऐसे बनाया माहौल

सैयारा यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी के बीच पहला ऐसा सहयोग है, जिसमें दोनों प्रेम कहानियों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध हैं। फिल्म का टीजर, जो गानों की रिलीज से पहले जारी किया गया था,उसको भी काफी सराहना मिली है। दर्शकों और समीक्षकों ने नवोदित कलाकारों की केमिस्ट्री और अभिनय कौशल को बहुत पसंद किया। गानों के अलावा, फिल्म का शीर्षक सैयारा भी दर्शकों की दिलचस्पी का कारण बना है। 'सैयारा' का अर्थ होता है एक भ्रमणशील आकाशीय पिंड – लेकिन शायरी में इसका उपयोग किसी ऐसे तत्व (या व्यक्ति) के लिए किया जाता है जो चकाचौंध से भरपूर हो, स्वप्निल हो, अलौकिक हो – एक भटकता हुआ तारा, जो हमेशा चमकता है, राह दिखाता है, लेकिन फिर भी पकड़ से दूर रहता है।

फिल्म से यशराज एक नया हीरो लॉन्च कर रहा है – अहान पांडे को, और इसके साथ ही कंपनी ने अभिनेत्री अनीत पड्डा को वाईआरएफ की अगली प्रमुख नायिका के रूप में चुना है, जिन्होंने बिग गर्ल्स डोंट क्राई में शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता था। सैयारा का निर्माण यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी द्वारा किया गया है, और यह फिल्म 18 जुलाई 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पिछले 50 वर्षों में वाईआरएफ ने यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा के निर्देशन में भारतीय सिनेमा को कई कल्ट प्रेम कहानियां दी हैं। वहीं मोहित सूरी, जो इस साल अपने फिल्मी करियर के 20 वें वर्ष में हैं, उन्होंने आशिकी 2, मलंग, एक विलेन जैसी यादगार रोमांटिक फिल्में निर्देशित की हैं।

# लाफ्टर शेफ्स 2' प्रोमोः प्याज नहीं छील पाई सारा तो घूमा भारती और करण कुंद्रा का दिमाग, बोले- 'हीरोइन बनने का फैसला सही

**कलर्स टेलीविजन** पर टेलीकास्ट होने वाला कॉमेडी और कुकिंग चैलेंजेस से भरी एंटरटेनिंग रिएलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' का सीजन 2 इन दिनों ऑडियन्स के बीच काफी ज्यादा सुर्खियों में है। अब इसका आने वाला वीकेंड एपिसोड भी धमाकेदार होने वाला है क्योंकि इस बार फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' की स्टारकास्ट किचन में दिखाई देने वाली है।

जी हां, सारा अली खान, आदित्य रॉय कपूर किचन में दिखे। हाल ही में शो के ऑफिशियल पेज पर एपिसोड का प्रोमो रिलीज किया गया है जिसे देख कर करण कुंद्रा और सारा की जोड़ी देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं। शो में सारा की कुकिंग स्किल्स देख करण कुंद्रा और भारती सिंह समेत सभी हैरान रह गए। सारा प्याज नहीं छील पाईं, जिसे देख करण को झटका लगा और उन्हें रोस्ट कर दिया। सारा खाना बनाने की कोशिश करती है और जब प्याज छीलने की बारी आती है तो वो काफी कन्फ्यूज हो जाती है। सारा अली खान, करण कुंद्रा से कह रही हैं, 'ये बेसन है, इससे फेस पैक बनाते हैं। फिर करण प्याज छीलने को कहते हैं, तो वो बोलती हैं- 'यार प्याज छीलने का और बेहतर तरीका होगा ना?' इसके बाद वह कहती हैं-' इसमें थोड़ी फ्राई करते हैं वो तो छलनी में होता है ना?' यह सुनकर भारती अपने कानों पर हाथ रख लेती हैं और बोलती हैं कि छलनी में तेल कहां जाएगा फिर? करण कुंद्रा भी सारा की ऐसी हरकतें देख हैरान रह जाते हैं। फिर करण कुंद्रा कहते हैं-'सारा ने जो फैसला लिया है एक्ट्रेस बनने का वो एकदम सही लिया है।'



## भारत के दिग्गज स्पिनर दिलीप दोषी का निधन

**एजेंसी/लंदनः** इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के बीच भारत के लिए एक बुरी खबर है। भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज दिलीप दोशी का दिल का दौरा पड़ने से लंदन में निधन हो गया है। वह 77 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी कालिंदी, बेटा नयन, और बेटी विशाखा है। क्रिकेट करियर के बाद दोशी हिंदी कॉमेंटेटर के तौर बेहद लोकप्रिय रहे। दोशी ने भारत के लिए 33 टेस्ट मैचों में 114 विकेट लिये। उन्होंने छह बार पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया। इसके अलावा उन्होंने 15 एकदिवसीय मैचों में महज 3.96 की इकॉनमी के साथ 22 विकेट लिए। 238 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैचों में उन्होंने 898 विकेट झटके।

प्रथम श्रेणी मैचों में उन्होंने 43 बार पांच विकेट लिए तथा छह बार एक मैच में 10 विकेट लेने का कारनामा किया। 1979 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में पदार्पण किया। बीसीसीआई और सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने दोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दिलीप दोशी की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि बीसीसीआई पूर्व भारतीय स्पिनर दिलीप दोशी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करता है। लंदन में उनका निधन हो गया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

# आंखों की गुस्ताखियां के टाइटल ट्रैक में शनाया कपूर ने चुराया सबका दिल




**अभिनेत्री** शनाया कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म ह्यआंखों की गुस्ताखियां के टाइटल ट्रैक में सबका दिल चुरा लिया। बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से बॉलीवुड में बतौर अभिनेत्री अपनी शुरूआत कर रही है। इस फिल्म में वह विक्रंत मैसी के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म का टाइटल ट्रैक जैसे ही रिलीज हुआ, सोशल मीडिया पर मानो एक सुरीला तूफान आ गया। जुबिन नौटियाल की आवाज और विशाल मिश्रा की धुन तो पहले ही जादू कर रही थी, लेकिन जो सबसे ज्यादा छा गई, वो थीं शनाया कपूर, जिनकी आंखों ने शब्दों से ज्यादा कह दिया। इस फिल्म में शनाया बनी हैं सबा, एक नेत्रहीन लडकी जो पहली मोहब्बत की मीठी-बेचैन गलियों में भटक रही है।

इस गाने में वो हर फ्रेम में ऐसे चमकती हैं जैसे बारिश में धूप की किरण। न कोई बड़ा डायलॉग, न कोई ड्रामा, बस उनकी अदाओं में, उनके इशारों में, और उनके एक्सप्रेशन्स में है सारा जादू।शनाया और विक्रांत मैसी की केमिस्ट्री मानो किसी पुराने लव लेटर की तरह दिल को छू जाती है।थोड़ी शरारत, थोड़ी तड़प और बहुत सारा एहसास।इस गाने में शनाया की परफॉर्मेंस देखकर लगता नहीं कि ये उनके करियर की शुरूआत है। सबा के किरदार को उन्होंने बड़े ही नाजुक और समझदार अंदाज में निभाया है। बिना बोले भी उनके एक्सप्रेशन्स बोलते हैं। जी स्टूडियोज और मिनी फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत फिल्म आंखों की गुस्ताखियां को मानसी बागला, वरुण बागला और ओपन विंडो फिल्म्स ने को प्रोड्यूस किया है। निर्देशन संतोश सिंह का है और कहानी मानसी बागला ने लिखी और रची है। विक्रांत मैसी और शनाया कपूर अभिनीत यह रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## मुंबई क्रिकेट टीम छोड़ेंगे पृथ्वी शॉ, मांगी एनओसी



**मुंबईः** मुंबई के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने मुंबई क्रिकेट के साथ अपने रिश्ते को तोड़ने की ओर कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने मुंबई क्रिकेट संघ यानी एमसीए को सूचना दी है कि वह किसी अन्य स्टेट टीम के लिए प्रोफेशनल क्रिकेट खेलना चाहते हैं। यही कारण है कि उन्होंने अपने अभिभावक संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र यानी एनओसी की मांग की है। मुंबई की टीम से वह काफी समय से बाहर हैं।


सूत्रों ने बताया, उन्होंने हमसे एनओसी मांगी है और हम जल्द ही इस पर निर्णय लेंगे। पृथ्वी शॉ को पिछले साल मुंबई की टीम से खराब फिटनेस के कारण रणजी ट्रॉफी मैच के लिए ड्रॉप कर दिया गया था। पता चला है कि पृथ्वी शॉ को इस महीने की शुरूआत में दो-तीन राज्यों से ऑफर मिले हैं। यही कारण है कि वह एनओसी चाहते हैं।

# अल्काराज ने क्वींस क्लब चैंपियनशिप जीती

- चार से ज्यादा ग्रास कोर्ट खिताब जीतने वाले पांचवें सक्रिय पुरुष खिलाड़ी
- विंबलडन में लगातार तीसरा खिताब जीतने उतरेंगे

**एजेंसी/लंदनः** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने विंबलडन से आठ दिन पहले लंदन में ग्रास कोर्ट पर खेले गए टेनिस टूर्नामेंट क्वींस क्लब चैंपियनशिप जीत ली है। उन्होंने फाइनल में चेक के जिरी लहेच्का को 7-5, 6-7, 6-2 से हराकर दूसरी बार यह खिताब जीता। इसके साथ ही उनकी जीत का सिलसिला 18 मैचों तक पहुंच गया, जो उनके करियर का सबसे लंबा विजयी क्रम है। यह उनका चौथा ग्रास कोर्ट खिताब है। अब केवल सर्बिया के नोवाक जोकोविच ही उनसे ज्यादा ग्रास कोर्ट खिताब (आठ) जीतने वाले एक्टिव मेंस प्लेयर हैं। अल्काराज चार या उससे ज्यादा ग्रास कोर्ट खिताब जीतने वाले पांचवें सक्रिय पुरुष खिलाड़ी हैं। स्पेन के केवल तीन खिलाड़ियों राफेल नडाल, फेलिसियानो लोपेज और अल्काराज ने चार ग्रास कोर्ट खिताब जीते हैं।

अल्काराज ने यह उपलब्धि 22 साल की उम्र में हासिल की, जबकि नडाल 29 और लोपेज 37 साल के थे। अल्काराज ने इससे पहले आठ जून को फ्रेंच ओपन के खेले गए फाइनल में इटली के जैनिक सिनर को हरा कर अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम जीता था। फ्रेंच ओपन क्ले कोर्ट पर खेला जाता है। वहीं, स्पेनिश खिलाड़ी स्पेन में क्ले कोर्ट पर ही प्रैक्टिस करते हैं। अब अल्काराज विंबलडन में लगातार तीसरा खिताब जीतने की कोशिश करेंगे।



# ऑपरेशन सिंधु : 161 यात्रियों को लेकर इजरायल से नई दिल्ली पहुंची पहली फ्लाइट

**नई दिल्ली :** ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष तेज होने के बाद वहां फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए अभियान जारी है। ऑपरेशन सिंधु के तहत 161 भारतीय नागरिकों के पहले समूह को मंगलवार को इजरायल से वापस लाया गया है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान भारत लौटे नागरिकों ने केंद्र सरकार का आभार जताया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ तस्वीरें साझा की। उन्होंने लिखा, ऑपरेशन सिंधु का




इजरायल चरण 23 जून को शुरू हुआ, जिसमें 161 भारतीय नागरिकों का पहला समूह इजरायल से वापस लाया गया है। वे आज सुबह 8:20 बजे अम्मान, जॉर्डन से नई दिल्ली सुरक्षित पहुंचे। एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने उनकी अगवानी की। विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने कहा, इजरायल से निकाले गए 161 भारतीय नागरिकों के पहले जत्थे का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह समूह कुछ ही देर पहले नई दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से पहुंचा है।

इजरायल से निकाले गए भारतीय नागरिकों में से एक यात्री ने कहा, इजरायल में स्थिति बहुत खराब है, लेकिन इसके बावजूद भारत सरकार ने हमें वहां से सुरक्षित निकाला है। मैं भारत सरकार का आभार व्यक्त करती हूं। एक अन्य यात्री ने कहा, वास्तव में जब हम वहां से निकले तो अमेरिका द्वारा सीधा हमला किए जाने के बाद स्थिति और खराब हो गई थी। मैं खुद यरूशलम में था, और ईरान के हमले में इजरायल के कई शहरों को काफी नुकसान पहुंचा है। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक पहले ही सकुशल भारत लौट चुके हैं। वहीं, अब इजरायल में फंसे भारतीयों की वापसी भी शुरू हो चुकी है।

राष्ट्रपति मुर्मू के भाषणों की पुस्तक के विमोचन पर बोले राजनाथ सिंह

## आतंकियों के मन में खौफ भरने में सफल रहा आपरेशन सिंदूर



**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने अपने सभी लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरे किए हैं और यह मिशन आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में पूरी तरह सफल रहा है। राजनाथ सिंह राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दूसरे कार्यकाल के दौरान दिए गए 51 प्रमुख भाषणों के संकलन विंग्स टू आवर होप्स -वॉल्यूम 2 का विमोचन किया। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तक न केवल भाषणों का संग्रह है, बल्कि यह भारत के भविष्य को दिशा देने वाला एक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज भी है। राजनाथ सिंह ने अपने भाषण में ऑपरेशन सिंदूर का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल अपने सारे सैन्य उद्देश्य हासिल किए, बल्कि आतंकवादियों के मन में डर भी भर दिया। इस मौके पर कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

## रिपोर्ट में खुलासा, दिल्ली के हर 3 में से 1 युवा को हो सकती है फेफड़ों की गंभीर बीमारी

**नई दिल्ली :** फेफड़े (लंग्स) भी हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग हैं।इसमें आने वाली थोड़ी सी खराबी भी आपकी सेहत पर बुरा प्रभाव डाल सकती है। आज के समय में बढ़ता प्रदूषण युक्त पर्यावरण फेफड़ों के लिए बहुत नुकसानदायक है। हवा में बढ़ता प्रदूषण किस तरह आपके फेफड़ों की हेल्थ को नुकसान पहुंचा रहा है इसको लेकर एक नई स्टडी सामने आई है, जिसमें बताया गया है कि दिल्ली की जहरीली हवा युवा फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रही है।



एक रिपोर्ट से पता चलता है कि दिल्ली में लगभग 3 में से 1 युवा के फेफड़ों में शुरूआती नुकसान देखने को मिल रहे हैं। अगर उनका सीटी स्कैन किया जाए तो उनके फेफड़ों में हुए नुकसान के लक्षण दिखाई देते हैं। ये लक्षण एडल्ट्स में आम है, लेकिन अब 20 और 30 की उम्र के लोगों में भी पाई जा रही है जो चिंता का विषय है।

रिपोर्ट के डेटा से पता चला है कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में जिन लोगों ने सीटी स्कैन कराया उनमें से लगभग तीन में से एक युवा के फेफड़ों में स्ट्रक्चरल डैमेज के लक्षण दिखाई दिए हैं। 2024 में किए गए 4000 से ज्यादा सीटी स्कैन के अनुसार, 20 और 30 की उम्र के व्यक्तियों में ब्रोन्किइक्टेसिस, वातस्फीति, फाइब्रोसिस और ब्रोन्कियल वॉल के मोटे होने जैसी समस्याएं देखने को मिली हैं। अलग-अलग लोगों के फेफड़ों में पाए गई समस्याओं के पीछे का असली कारण अलग-अलग है, लेकिन इंफेक्शन और प्रदूषण से लेकर धूम्रपान और वेपिंग तक का यह ट्रेंड युवाओं में फेफड़ों की बीमारियों में बढ़ोतरी का कारण बन रहा है।

हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये परेशानी बड़े शहरी इलाकों में बढ़ते हेल्थ रिस्क को दिखाती है। फेफड़ों की हेल्थ बिगड़ने का कारण बाहर और घर के अंदर का वायु प्रदूषण, तंबाकू (जैसे सिगरेट या वेप) का ज्यादा इस्तेमाल और सांस की बीमारियों का समय पर पता न चलना शामिल है। दिल्ली की हवा का प्रदूषण अक्सर ज्यादा खराब होती है, जो इस समस्या का एक बड़ा कारण हो सकती है।

## गल्फ एयरस्पेस बंद होने का असर, चेन्नई से आने-जाने वालीं 11 उड़ानें रद्द



**चेन्नई :** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव ने अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा को प्रभावित किया है। कतर, यूएई और बहरीन के हवाई क्षेत्र बंद होने से चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें रद्द हुई हैं।

ईरान के अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल हमलों और अमेरिका के ईरानी परमाणु ठिकानों पर हवाई हमलों का सीधा असर हवाई सेवा पर पड़ा है। मंगलवार को ही चेन्नई हवाई अड्डे पर 11 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की गईं, जिनमें 6 प्रस्थान (डिपार्चर) और 5 आगमन (अराइवल) करने वाली फ्लाइट शामिल हैं।

इनमें कुवैत, मस्कट, अबू धाबी (2) और दोहा (2) की उड़ानें थीं, जो इंडिगो और कतर एयरवेज द्वारा संचालित थीं। दोहा (2), कुवैत (2) और अबू धाबी से आने वाली कतर एयरवेज, इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें भी रद्द हुई हैं।

एयरपोर्ट अधिकारियों ने कहा कि अगर क्षेत्रीय तनाव जारी रहा तो उड़ानों को आगे भी रद्द किया जा सकता है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि प्रभावित देशों की यात्रा से पहले अपनी एयरलाइंस से नवीनतम अपडेट लें

इसके अलावा, थाईलैंड से दोहा जा रही कतर एयरवेज की तीन उड़ानें कतर के हवाई क्षेत्र में प्रवेश न दिए जाने के कारण मंगलवार तड़के 2 बजे चेन्नई में उतरने को मजबूर हुईं।

लंदन, दुबई, बहरीन, अबू धाबी, शारजाह और सिंगापुर सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ानों को हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण देरी का सामना करना पड़ा।

ईरान और इजरायल में बढ़ते तनाव और अमेरिकी हवाई हमलों के बाद सुरक्षा की दृष्टि से हवाई क्षेत्र बंद किए गए हैं। तनाव बढ़ने और उड़ान मार्गों के प्रभावित होने के कारण चेन्नई हवाई अड्डा हाई अलर्ट पर है और स्थिति पर नजर रख रहा है। यात्रियों की असुविधा कम करने के लिए एयरलाइंस और नियामक एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहा है।



## सैमसंग अमेरिका में गैलेक्सी जेड सीरीज के नए स्मार्टफोन करेगा पेश

**नई दिल्ली :** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने मंगलवार को कहा कि कंपनी अगले महीने न्यूयॉर्क में अपना अगला गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट आयोजित करेगी, जिसमें एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और अल्ट्रा-स्लिम फोल्डेबल डिजाइन वाले लेटेस्ट गैलेक्सी जेड सीरीज स्मार्टफोन पेश किए जाएंगे।

टेक दिग्गज ने घोषणा की कि नेक्स्ट जनरेशन गैलेक्सी डिवाइस को नए एआई-पावर्ड इंटरफेस के तहत फिर से तैयार किया जा रहा है, जिसे उनकी पूरी क्षमता को पेश करने के लिए बनाए गए बेहतरीन हार्डवेयर द्वारा सपोर्ट किया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि गैलेक्सी एआई और सैमसंग क्राफ्टमैनशिप का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन होने वाला है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा, अब यह स्मार्टफोन केवल ऐप्स और टूल का कलेक्शन नहीं रह गया है, बल्कि यह एक स्मार्ट साथी के रूप में विकसित हो रहा है।

कंपनी अपने फोल्डेबल लाइनअप में लेटेस्ट मॉडल गैलेक्सी जेड फोल्ड 7 और गैलेक्सी जेड फ्लिप 7 को पेश कर सकती है। कंपनी ने टीजर में आने वाले डिवाइस में प्रमुख सुधारों के रूप में बड़ी स्क्रीन, बेहतर कैमरे और अपग्रेड किए गए एआई फीचर्स को हाइलाइट किया था। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स आमतौर पर साल में दो बार, सर्दियों और गर्मियों में, अपने अनपैक्ड इवेंट आयोजित करता है। पिछला इवेंट जनवरी में सैन जोस, कैलिफोर्निया में आयोजित किया गया था, जहां कंपनी ने फ्लैगशिप गैलेक्सी एस25 सीरीज पेश की थी। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स वर्षों से अपने डिवाइस को यूजर की जरूरतों के हिसाब से बेहतर परफॉर्मेंस और शार्पर कैमरे के साथ डिजाइन करता आ रहा है। गैलेक्सी एआई के साथ डिवाइस अपनी क्षमता से बाहर काम करता है। कंपनी ने कहा, जैसे-जैसे एआई तेजी से नया यूजर इंटरफेस बनता जा रहा है, यह तकनीक के साथ हमारे रिश्ते को फिर से परिभाषित कर रहा है। यह अब केवल ऐप और टूल का कलेक्शन नहीं रह गया है; स्मार्टफोन एक स्मार्ट साथी के रूप में विकसित हो रहा है जो यूजर के इंटेंट को समझता है और रियल टाइम में प्रतिक्रिया देता है।

कंपनी ने कहा कि यह परिवर्तन हमें प्रतिक्रिया से प्रत्याशा की ओर ले जाता है, जहां, जैसे ही एआई यूआई बन जाता है, इंटेंट इंस्टेंट में तब्दील हो जाता है।

## लंदन-मुंबई एयर इंडिया फ्लाइट में सवार 11 लोग अचानक बीमार, मेडिकल इमरजेंसी से मचा हड़कंप

**मुंबई:** एयर इंडिया की लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट में अचानक 5 यात्री और 2 चालक दल के सदस्य समेत 11 लोग बीमार पड़ गए, जिससे विमान के अंदर हड़कंप मच गया। सभी ने चक्कर आने और मतली की शिकायत की। यह घटना सोमवार को तब सामने आई जब विमान के विभिन्न चरणों में यात्रियों और क्रू मेंबरों ने चक्कर आने और मतली की शिकायत की। एयर इंडिया ने बताया कि विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और सभी बीमार यात्रियों को मेडिकल जांच के लिए तुरंत मेडिकल रूम में ले जाया गया। बाद में उनका स्वास्थ्य ठीक पाया गया और उन्हें छुट्टी दे दी गई। कंपनी ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित विमानन सुरक्षा नियामक अधिकारियों को भी सूचित कर दिया है।



एयर इंडिया के बयान के अनुसार, यह समस्या फ्लाइट नंबर अक 130 में सामने आई, जो लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भर रही थी। विमान के उतरते ही एयर इंडिया की मेडिकल टीम ने तत्परता दिखाते हुए यात्रियों और क्रू को तुरंत सहायता प्रदान की। फिलहाल सभी की हालत स्थिर बताई गई है, लेकिन कंपनी ने इस घटना के कारणों की पूरी जांच का आश्वासन दिया है। इसी दिन एक और एयरलाइन से जुड़ी खबर आई, जिसमें एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई जाने वाली फ्लाइट को तकनीकी खराबी के कारण रद्द करना पड़ा। फ्लाइट क-195, जो सुबह 5:30 बजे जयपुर से दुबई के लिए उड़ान भरनी थी, टेकऑफ से ठीक पहले तकनीकी खराबी के चलते चल नहीं पाई। विमान बोर्डिंग के बाद टैक्सी-वे तक पहुंचा, लेकिन कैप्टन को खराबी का पता चलते ही विमान को ठीक करने की कोशिशें शुरू हुईं। करीब 4 घंटे तक प्रयास करने के बाद भी खराबी दूर नहीं हो सकी, जिसके कारण फ्लाइट को रद्द करना पड़ा। इस दौरान विमान में बैठे यात्रियों को काफी इंतजार करना पड़ा और फ्लाइट कैंसिल होने की सूचना मिलने पर एयरलाइन ने उन्हें आने वाले दिनों में टिकट की वापसी या फिर नए टिकट बुक कराने का विकल्प दिया। इस तकनीकी समस्या के चलते यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिया है।

## मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार,4

**इंफाल:** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान दो अलग-अलग अभियानों में दो उग्रवादियों को पकड़ा गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित संगठन के एक सक्रिय कैडर को थौबल जिले के थौबल पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कियाम सिपाही खोंग अहानबी से गिरफ्तार किया।

इससे जुड़े एक अभियान में, इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सागोलबंद मोइरांग हनुबा से एक उग्रवादी को उसके निवास से गिरफ्तार किया गया। इस बीच संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में क्षेत्र वर्चस्व और उग्रवाद विरोधी प्रयासों पर केंद्रित अभियानों की एक अलग श्रृंखला में, सुरक्षा बलों ने इम्फाल पश्चिम जिले के लामसांग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पोरोम चिंग के कांगचुप खारंग क्षेत्र से हथियारों और गोला-बारूद का एक जखीरा बरामद किया।

# अडाणी एयरपोर्ट्स को मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए मिला 1 अरब डॉलर का फंड

**मुंबई :** अडाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने मंगलवार को कहा कि कंपनी को अपने मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) के लिए एक प्रोजेक्ट फाइनेंस स्ट्रक्चर के जरिए 1 अरब डॉलर की फाइनेंसिंग मिली है।

इस लेन-देन में जुलाई 2029 तक मैच्योर होने वाले 750 मिलियन डॉलर के नोट जारी करना शामिल है, जिसका इस्तेमाल रिफाइनेंसिंग के लिए किया जाएगा।

फाइनेंसिंग स्ट्रक्चर में एडिशनल 250 मिलियन डॉलर जुटाने का प्रावधान भी शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप कुल 1 अरब डॉलर की फाइनेंसिंग होगी।

अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और भारत के सबसे बड़े निजी हवाई अड्डा संचालक ने कहा कि यह फ्रेमवर्क एमआईएएल के विकास, आधुनिकीकरण और क्षमता वृद्धि के लिए पूंजीगत व्यय कार्यक्रम के लिए बेहतर फाइनेंशियल फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करेगा।

यह नई फाइनेंसिंग हाल ही में वैश्विक बैंकों के एक संघ से एएएचएल द्वारा प्राप्त 750 मिलियन डॉलर की फाइनेंसिंग के बाद हुई है।



लेटेस्ट ट्रांजैक्शन डायवर्सिफाइड ग्लोबल कैपिटल मार्केट तक अदाणी की पहुंच और भारत के नेक्स्ट जनरेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म पर हाई-क्वालिटी वाले निवेशकों को आकर्षित करने की कंपनी की क्षमता का प्रमाण है।

अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड के सीईओ अरुण बंसल ने कहा, यह अडाणी एयरपोर्ट्स के ऑपरेटिंग प्लेटफॉर्म की शक्ति, मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है।

उन्होंने आगे कहा, अपोलो मैनेज्ड फंड्स और अग्रणी संस्थागत निवेशकों की भागीदारी के साथ, हमें पूंजी के ग्लोबल पूल तक अपनी पहुंच को गहरा करने पर गर्व है। सबसे बड़े प्राइवेट इंवेस्टमेंट-ग्रेड प्रोजेक्ट फाइनेंस निर्गमों में से एक को सुरक्षित करने की हमारी क्षमता वित्तीय अनुशासन, पूंजी दक्षता और लॉन्ग-टर्म वैल्यू क्रिएशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

यह एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में भारत का पहला इन्वेस्टमेंट ग्रेड (आईजी) रेटेड प्राइवेट बॉन्ड निर्गम है।

इस लेन-देन का नेतृत्व अपोलो-मैनेज्ड फंड्स द्वारा किया गया, जिसमें प्रमुख संस्थागत निवेशकों और बीमा कंपनियों के एक समूह की भागीदारी थी। इसमें ब्लैकरॉक-मैनेज्ड फंड, स्टैंडर्ड चार्टर्ड आदि शामिल थे, जो भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर के अवसर और अदाणी एयरपोर्ट्स के ऑपरेटिंग प्लेटफॉर्म में वैश्विक विश्वास को रेखांकित करता है।

एमआईएएल के स्थिर परिसंपत्ति आधार, नकदी प्रवाह और ऑपरेशनल एक्सीलेंस द्वारा समर्थित, नोटों को बीबीबी-/स्टेबल रेटिंग दिए जाने की उम्मीद है।

एएएचएल ने कहा कि कंपनी आधुनिकीकरण, क्षमता विस्तार, डिजिटलीकरण और टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन में निरंतर निवेश के माध्यम से हवाई अड्डों के इंफ्रास्ट्रक्चर को बदलने के लॉन्ग-टर्म विजन के लिए प्रतिबद्ध है।

यह ट्रांजैक्शन एमआईएएल के सस्टेनेबिलिटी एजेंडे को भी गति देगा, जो 2029 तक नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के अपने लक्ष्य का समर्थन करेगा।

एएएचएल को 2019 में अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी के रूप में शामिल किया गया था।

# झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल करेगा वियतनाम का दौरा, उद्योग मंत्री करेंगे रवाना




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची:** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की टीम मंगलवार 24 जून को वियतनाम के लिए रवाना हो रही है। 24 से 30 जून तक अंतर्राष्ट्रीय दौरे पर जा रहे झारखंड के उद्योपतियों की इस टीम में टेक्सटाइल, टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल, ट्रांसपोर्ट, हॉस्पिटैलिटी समेत विभिन्न सेक्टर से जुडे. 21 सदस्यीय दल शामिल हैं।

चैंबर महासचिव ने दी जानकारी

इस संबंध में चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव आदित्य मलहोत्रा ने कहा कि वियतनाम में भारतीय दूतावास के अलावा इंडियन बिजनेस चैंबर इन वियतनाम, वियतनाम एसोसियेशन ऑफ फॉरेन इंवेस्टेड इंटरप्राइजेज, वियतनाम चेंबर ऑफ कॉमर्स कई स्थानीय कंपनी के उच्चाधिकारियों के साथ झारखंड चैंबर के सदस्य बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे झारखंड और वियतनाम में व्यापारिक संभावना बढ़ेगी। लौटने के बाद झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स राज्य सरकार के साथ अनुभव साझा करेगी।

चैंबर के सचिव आदित्य मलहोत्रा ने कहा कि राज्य सरकार भी निवेश को बढ़ावा देने के लिए देश के दूसरे राज्य या अंतरराष्ट्रीय दौरे पर शिष्टमंडल को लेकर जाती है तो झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी को भी उसमें शामिल करें। जिससे राज्य में औद्योगिक माहौल बनाने में सफलता मिल सके।

उद्योग मंत्री करेंगे प्रतिनिधिमंडल को फ्लैग ऑफ

वियतनाम के लिए रवाना हो रहे 21 सदस्यीय चैंबर के प्रतिनिधिमंडल को 24 जून की सुबह 10 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उद्योग एवं श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव फ्लैग ऑफ करेंगे। चैंबर का मानना है कि इस व्यवसायिक यात्रा से प्रदेश में उद्योग-व्यापार की संभावना को तलाशने में कामयाबी मिलेगी। वियतनाम भारत के लिए एक महत्वपूर्ण और व्यापारिक निवेश का भागीदार देश है। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई अवसर मौजूद हैं। खासकर कृषि, आईटी, टेक्सटाइल, स्पाईस, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स जैसे क्षेत्रों में।

यात्रा से व्यापार और उद्योग को मिलेगी गतिः पवन शर्मा

वहीं पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा का मानना है कि चैंबर की इस व्यवसायिक यात्रा से राज्य में व्यापार-उद्योग की संभावनाओं को गति मिलेगी। विदेशों में स्थानीय सरकार द्वारा झारखंड के उद्यमी-व्यापारियों के साथ किए गए आतिथ्य सत्कार को अभूतपूर्व बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि राज्य सरकार हमें आवश्यक सहयोग करें, तब निश्चित ही राज्य में उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार सृजन के प्रयासों को गति मिलेगी। गौरतलब है कि विगत चार वर्षों से झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की टीम व्यापारिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए विदेश दौरे पर जाती रही है। इसी क्रम में एक बार फिर 21 सदस्यीय टीम 24 से 30 जून तक वियतनाम दौरे पर रहेगी। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की यह टीम हालांकि पहली बार वियतनाम दौरे पर होगी। जिसमें राज्य सरकार के द्वारा कोई आर्थिक सहयोग नहीं किया गया है। वियतनाम दौरे पर चैंबर की टीम में अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मलहोत्रा, संयोजक शैलेश अग्रवाल सहित 21 लोग शामिल हैं।

## विश्व बैडमिंटन दिवस पर जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

गुमला : गुमला जिला प्रशासन एवं खेलकूद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व बैडमिंटन दिवस के अवसर पर दिनांक 05 जुलाई 2025 को एक दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर स्टेडियम, गुमला में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता में निम्नलिखित श्रेणियों में मैच खेले जाएंगेः*

1. अंडर-13 बालक एकल
2. अंडर-17 बालक एकल
3. अंडर-17 बालिका एकल
4. पुरुष एकल (ओपन)
5. पुरुष युगल (ओपन)
6. वेटरन युगल (45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग)
7. जिला पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी पुरुष युगल
8. जिला पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी महिला युगल
9. जिला पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी मिक्स्ड युगल

महत्वपूर्ण निदेर्शः

सभी प्रतिभागी अपने मैच से 30 मिनट पूर्व पंजीकरण डेस्क पर रिपोर्ट करें।

नॉन-मार्किंग बैडमिंटन शूज, उचित खेल परिधान व रैकेट अनिवार्य हैं।

कोर्ट पर जींस, सैंडल या औपचारिक जूते की अनुमति नहीं होगी।

सभी मैच नॉकआउट पद्धति से खेले जाएंगे।

प्रतिभागियों को वैध पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

प्रत्येक खिलाड़ी अधिकतम 2 इवेंट में ही भाग ले सकता है।

जिला प्रशासन सभी खिलाड़ियों को इस आयोजन में भाग लेने हेतु आमंत्रित करता है एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील करता है।

## पलामू के नव पदस्थापित डीडीसी मोहमद जावेद हुसैन की है सशक्त पहचान



**विनय मिश्रा :** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2019 बैच के आईएएस अधिकारी मोहमद जावेद हुसैन पलामू के नये उप विकास आयुक्त बनाए गए हैं। श्री हुसैन इससे पूर्व मेदनीनगर पलामू में नगर निगम के नगर आयुक्त थे। इससे पूर्व वे प्रशिक्षण के दौरान पश्चिम सिंहभूम चाईबासा एवं रामगढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी भी रह चुके हैं। श्री हुसैन अपने बेहतर कार्य और विकास कार्यों के कारण लोकप्रिय आईएएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं। श्री हुसैन ने उप विकास आयुक्त का पदभार ग्रहण करने के पश्चात कहा कि जिला में ग्रामीण और सूदूर क्षेत्रों के साथ साथ सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ साथ लोगों तक सरकारी योजना का लाभ दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है उन्होंने कहा कि जिला में पारदर्शिता प्रशासन के साथ साथ जिला की सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। गौरतलब हो कि श्री हुसैन सहज, सरल और मृदुभाषी तथा लोकप्रिय आईएएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं ऐसे अधिकारी से राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित होते हैं।

# सिसई व भरनो प्रखंड में खाद्य सुरक्षा एवं मादक पदार्थ के विरुद्ध जांच अभियान



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला उपायुक्त के निदेर्शानुसार सिसई एवं भरनो प्रखंड में खाद्य सुरक्षा एवं मादक पदार्थ के विरुद्ध व्यापक जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में सिसई प्रखंड के अंजलि स्वीट्स, होटल कृष्णा, शिव शक्ति स्वीट्स, न्यू भारत बेकरी, रानी किराना स्टोर, पूजा स्टोर, राहुल राम, राहुल कुमार सिंह, अनीता देवी, अमर होटल आदि प्रतिष्ठानों में गहन जांच की गई।

जांच के दौरान ऋरअकके मानकों का पालन नहीं करने एवं साफ-सफाई में लापरवाही बरतने पर अंजलि स्वीट्स को ?10,000, होटल कृष्णा को ?3,000, शिव शक्ति स्वीट्स को ?2,000 का और न्यू भारत बेकरी को ?10,000 का अर्थदण्ड लगया गया।

ये सभी प्रतिष्ठान स्कूल से मात्र 100 मीटर के दायरे में बेच रहे थे कोटपा एक्ट (उडळढअ) के तहत रानी किराना स्टोर, राहुल राम और अनीता देवी को ?500-?500 का जुमार्ना लगाया गया। इसके अतिरिक्त, अंजलि स्वीट्स से रसगुल्ला, होटल कृष्णा से पनीर, शिव शक्ति स्वीट्स एवं अमर होटल से कलाकंद के सैंपल लेकर जांच हेतु लैब भेजे गए।

इसी क्रम में भरनो प्रखंड के केसरी स्वीट्स, होटल सुमित, सुलेखा फास्ट फूड, राजधानी चाइनीज चाउमिन सहित अन्य प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया गया। केसरी स्वीट्स से रसगुल्ला का सैंपल लिया गया। होटल सुमित को साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर ?4,000 का अर्थदण्ड लगाया गया, जबकि सुलेखा फास्ट फूड को कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर ?500 का जुमार्ना किया गया। राजधानी चाइनीज चाउमिन को स्पष्टीकरण के उपरांत चेतावनी देते हुए छोड़ा गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने यह स्पष्ट किया कि इस प्रकार की जांच आगे भी लगातार जारी रहेगी एवं मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हजारीबाग फायरिंग मामले में पुलिस के हाथ खाली, आंदोलन की चेतावनी



## व्यवसायियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**हजारीबागः** रविवार को हुए श्री ज्वेलर्स गोलीकांड को 24 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं तो दूसरी ओर स्वर्ण व्यवसायी संघ मंगलवार और बुधवार को उग्र आंदोलन करने की रणनीति बना रहा है. स्वर्ण व्यवसायियों ने जिला प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि 48 घंटे के अंदर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाए अन्यथा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा.

हजारीबाग में रविवार को श्री ज्वेलर्स जेवर दुकान में अज्ञात दो अपराधियों ने 7 राउंड गोली चलाई थी. घटना को अंजाम देखकर अपराधी फरार हो गए थे. घटना को 24 घंटा से अधिक का समय बीत चुका है और अभी भी अपराधी पुलिस के हाथों से दूर हैं. दूसरी ओर सोशल मीडिया में एक शख्स ने घटना की जिम्मेदारी लेते हुए खुद का नाम उत्तम यादव बताया था.

48 घंटे का दिया अल्टीमेटम

स्वर्ण व्यवसायियों ने जिला प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि 48 घंटे के अंदर अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन होगा. इस मामले में स्वर्ण व्यवसायियों ने बैठक भी की, जिसमें तय किया गया है कि मंगलवार को 48 घंटा बीत जाने तक इंतजार किया जाएगा. गिरफ्तार नहीं होने पर मंगलवार देर शाम मशाल जुलूस निकाला जाएगा. बुधवार को व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे. स्वर्ण व्यवसायी संघ को दूसरे संगठन ने भी अपना समर्थन दिया है.

अपराधियों ने सात राउंड चलाई थी गोली संगठन का कहना है कि हजारीबाग में पहली बार किसी दुकान पर दिनदहाड़े सात राउंड गोली चली है. इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है तो व्यापारी इस बात को लेकर दहशत में हैं कि वह कैसे स्वच्छंद रूप से व्यापार करें.हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने विश्वास दिलाया है कि 48 घंटे के अंदर अपराधी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे. उन्होंने कहा कि बहुत हद तक पुलिस इस मामले को सुलझाने के करीब पहुंच चुकी है. अपराधियों की धरपकड़ के लिए विभिन्न एजेंसियों की मदद भी ली जा रही है. ह्यूमन इंटेलिजेंस के अलावा टेक्निकल सेल की भी मदद इस कांड के उद्भेदन के लिए ली जा रही है.

## एसबीआई चक्रधरपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक के रूप में प्रसन्नजीत झा ने दिया योगदान



**ज्योति पाठक :** भारतीय स्टेट बैंक चक्रधरपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक के रूप में प्रसन्नजीत झा ने 20 वें मुख्य प्रबंधक के रूप में योगदान दिया है। श्री झा ने योगदान देने के पश्चात अपनी बातों और जानकारी को साझा करते हुए कहा कि-

भारतीय स्टेट बैंक प्रारंभ से ही खाता धारियों को बेहतर सुविधा और समुचित जानकारी देने तथा खाता धारियों के परेशानी को जानने और सुनने के साथ ही तत्क्षण समाधान कर बैंक एवं खाता धारियों के बीच विश्वास को बेहतर बनाने का कार्य किया है।

श्री झा ने कहा कि-

खाता धारियों को बेहतर सुविधा प्रदान कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

गौरतलब हो कि श्री झा इससे पूर्व जमशेदपुर के गोलमूरी और बिष्टूपुर के शाखा प्रबंधक के रूप में पदस्थापित रह चुके हैं।

## आत्मसमर्पण की फिराक में नक्सली कमांडर : जोनल आईजी

पलामूः पुलिस सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई के बाद नक्सली संगठनों में भगदड़ मच गई है. प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी, जेजेएमपी और टीएसपीसी के टॉप कमांडर और कैडर आत्मसमर्पण करने की फिराक में हैं. पिछले एक महीने के दौरान लातेहार और पलामू में नक्सली संगठनों के खिलाफ कई बड़ी कार्रवाई हुई है.

पुलिस की कार्रवाई में लातेहार इलाके से जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा, उसका साथी प्रभात गंझू, माओवादी कमांडर मनीष यादव और पलामू का माओवादी एरिया कमांडर तुलसी भुईयां मारा गया है. कार्रवाई के दौरान 10 लाख का इनामी माओवादी कुंदन खरवार पकड़ा भी गया है. लगातार मुठभेड़ एवं पुलिस की कार्रवाई के बाद नक्सली संगठन में भगदड़ मची हुई है. इसी भगदड़ में लातेहार के इलाके में जेजेएमपी के टॉप कमांडर बैजनाथ सिंह ने आत्मसमर्पण किया था.पलामू के जोनल आईजी सुनील भास्कर का कहना है कि पुलिस अपनी कार्रवाई इंटेलिजेंस के आधार पर लगातार कर रही है. इसी कार्रवाई में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है. आईजी ने कहा कि जेजेएमपी का कमांडर पप्पू लोहरा एनकाउंटर में मारा गया है. इसके अलावा कई बड़ी कार्रवाई हुई है. कार्रवाई के बाद नक्सली संगठन से जुड़े कई सदस्य सरकार की योजना नई दिशा से जुड़ना चाहते हैं.आईजी ने बताया कि सरेंडर पॉलिसी से प्रभावित होकर कई लोग सरेंडर करेंगे. पुलिस लगातार नक्सली संगठनों के कैडरों से आत्मसमर्पण करने की अपील कर रही है.

# गुमला - टोटो थाना के समक्ष मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जिल परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप एवं सुरक्षा टीम द्वारा गुमला टोटो थाना के समक्ष में बाइक चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया , *सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन तथा गुमला ( टोटो ) थाना के समक्ष वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गए , 62 लोगो को* यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सड़क-सुरक्षा टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया` इस दौरान आये सभी लोगो को यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम करते हुए और अपनी जान की सुरक्षा स्वयं करते हुए और अपनी और यातायात नियमों का सही उपयोग करते हुए, अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। इस दौरान उपस्थित सभी लोगो को यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और उक्त यातायात नियमों का उपयोग करते हुए अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है , और इसके साथ ही हिट एंड रन एवम गुड समरितन के बारे मे बतलाया गया इसके साथ ही सड़क सुरक्षा के द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधित पुस्तिका एवम पैंपलेट सभी वाहन चालकों सहित छात्र - छात्राओ के बीच बांटा गया*

*ऋड्ढड्ड रें१३ंल्ल के बारे में अवगत कराया गया जैसे मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने के उद्देश्य से गोल्डन ल्ल्ड्ढ४१ अस्पताल पहुचाने में वाले नेक व्यक्ति (ऋड्ढड्ड रें१३ंल्ल) को प्रोत्साहित करने हेतु 2,000/-(दो हजार) रुपए मात्र नगद के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ताकि किसी भी व्यक्ति के सड़क दुर्घटना के क्रम में घायल व्यक्ति को एक घंटा के अंदर (गोल्डन ऑवर में) अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्रावधान किया गया है।*



*इसके अलावे दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले अस्पताल में अपना नाम दर्ज कराएं, ताकि चिकित्सक प्रमाणित कर सकें कि घायल व्यक्ति को किसने मदद की है उस मददकर्ता को गुड सेमेरिटन के तहत 2,000 रु एवं प्रशस्ति पत्र दी जा सके। साथ ही सड़क हादसों में मृत्यु दर को कम करने के उदेश्य से लोगों को इस संशोधित अधिनियम की ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्रदान की जा सके और लोग एक दूसरे को इसके प्रति जागरूक कर सके एवम इसके साथ साथ हिट एंड रन के बारे में बिस्तर पूर्वक बतलाया गया किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना घटित होने पर 2,00000(दो लाख ) एवम गंभीर रूप से घायल होने पर 50,000 (पचास हजार) का प्रावधान है*

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिल परिवहन पदाधिकारी, गुमला राकेश कुमार गोप एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, मंटू रवानी एवं अश्वनी कुमार, प्रिंस शामिल थे।